हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, गुरुवार, 2 जनवरी 2025 | अंक 81/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

नक्सलवाद अब समाप्ति के करीब: फडणवीस

> गढ़चिरोली में सीएम के सामने तारक्का सिदाम सहित 11 नक्सलियों ने किया सरेंडर

गढ़चिरोली.

गढ़चिरोली जिले में 11 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इनमें प्रमुख नक्सली नेता तारक्का सिदाम भी शामिल हैं। यह समर्पण गढ़चिरोली पुलिस मुख्यालय में हुआ, जहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नक्सलियों का स्वागत किया और उन्हें मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य जल्द ही नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। गढ़चिरौली जिले के दूरदराज इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव कम हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने गढ़चिरौली में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब समाप्ति के करीब है। उन्होंने कहा कि सरकार ने माओवादियों के प्रभाव को खत्म करके गढ़चिरौली को 'पहला जिला' बनाने की प्रक्रिया शुरू

कर दी है। गढ़चिरौली को अक्सर महाराष्ट्र का अंतिम जिला कहा जाता है, क्योंकि यह राज्य की पूर्वी सीमा पर स्थित है। फडणवीस ने विदर्भ क्षेत्र में स्थित जिले में 32 किलोमीटर लंबे गट्टा-गरदेवाडा-वांगेतुरी मार्ग और वांगेतुरी-गरदेवाडा-गट्टा-अहेरी मार्ग पर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस सेवाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़चिरौली सरकार के लिए (प्राथमिकता सूची में) अंतिम नहीं, बल्कि 'पहला जिला' है।

"शीर्ष माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे"

वहीं, कोंसारी में लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के विभिन्न विभागों का उद्घाटन करने के बाद फडणवीस ने एक सभा में कहा, "राज्य सरकार पिछले दस वर्षों से गढ़चिरौली को परिवर्तित करने की कोशिश कर रही है, ताकि आम आदमी को मुख्यधारा में लाया जा सके और इस जिले से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और गढ़चिरौली पुलिस और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों की बदौलत पिछले चार वर्षों में नक्सली गढ़चिरौली में एक भी व्यक्ति को अपने साथ नहीं जोड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष माओवादी आत्मसमर्पण कर रहे हैं और मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

गढ़चिरोली पुलिस के काम की सराहना

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आज जिस सड़क संपर्क का उद्घाटन किया गया है, वह महाराष्ट्र को सीधे छत्तीसगढ़ से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा क्षेत्र नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त हो रहा है और लोगों को आजादी के 75 साल बाद एमएसआरटीसी बस सेवाएं मिल रही हैं। फडणवीस ने नक्सलवाद के खिलाफ गढ़चिरौली पुलिस के काम की सराहना की और कहा कि लोग अब नक्सलियों का समर्थन नहीं करते और ना ही कोई व्यक्ति प्रतिबंधित नक्सली संगठन में शामिल होना चाहता है। उन्होंने कहा, "यह बहुत महत्वपूर्ण है।"

खबरें! एक नजर में!!

गणतंत्र दिवस की छुट्टी रद्द

मुंबई. 26 जनवरी को महाराष्ट्र समेत पूरे देश में गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में स्कूली छात्रों को सार्वजनिक अवकाश दिया जाता है। सुबह स्कूल में झंडे को सलामी देने के बाद विद्यार्थियों को छुट्टी दे दी जाती है। लेकिन स्कूली छात्रों को अब से यह छुट्टी नहीं मिलेगी. महाराष्ट्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की छुट्टियां रद्द करने का फैसला किया है.

लालू को खास अंदाज में बधाई

पटना. देशभर में नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने खास अंदाज में अपने पति लालू प्रसाद यादव को बधाई दी हैं। राबड़ी देवी ने लालू यादव को फूल भेंट करते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, 'हैप्पी न्यू ईयर टू माय डियर साहेब'

4583 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

नई दिल्ली. ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह पर ट्रैफिक कर्मचारियों को तैनात किया गया था। 31 दिसंबर को पूरी दिल्ली में विशेष अभियान चलाया गया और कुल 4583 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिनमें 558 शराब पीकर वाहन चलाने वाले, 35 खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले, 205 गलत साइड, 35 ट्रिपल राइडिंग और 648 बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले शामिल थे और 63 वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया गया।

मनमोहन सिंह के मेमोरियल पर बात

नई दिल्ली. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मेमोरियल को लेकर सरकार ने उनके परिवार से चर्चा की है। उनके परिवार को कुछ विकल्प भी दिए गए हैं, जिसमें स्मृति स्थल का भी विकल्प है। हालांकि इसके लिए ट्रस्ट बनाना जरूरी है।

मंत्री के काफिले की गाड़ी खाई में पलटी

बलिया. उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर संजय निषाद के काफिले की एक गाड़ी हादसे का शिकार हो गई है। जानकारी के मुताबिक, राज्य के बलिया में मंत्री के काफिले की गाड़ी एक पशु को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। इस हादसे में गाड़ी में सवार 4 महिला कार्यकर्ताओं सहित पांच लोगों के घायल होने की खबर सामने आ रही है।

12 फिलिस्तीनी मारे गए दीर अल बलाह

इजरायल. गाजा पट्टी पर इजरायल की ओर से किए गए ताजा हमलों में कम से कम 12 फलस्तीनी मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। करीब 15 महीने से चल रही जंग नए साल के मौके पर भी जारी है और इसके खत्म होने के फिलहाल कोई आसार नहीं दिखते है। एक हमला उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में एक घर पर हुआ, जो इस क्षेत्र का नष्ट हो चुका हिस्सा है। यहां इजरायल जंग की शुरुआत से ही एक बड़ा अभियान चला रहा है।

एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

नागपूर. रिश्तेदारों से मिलने और एक होटल में रात का खाना खाने के बाद वाणी लौटते समय एक दुर्घटना में सतीश भाऊराव नागपुरे (51), मंजूषा सतीश नागपुरे (47) और माहिरा राहुल नागपुरे (02) की मौत हो गई, जब एक दोपहिया वाहन सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया।

हादसा मंगलवार 31 दिसंबर 2024 की रात करीब दस बजे नागपुर चंद्रपुर मार्ग पर डाली पेट्रोल पंप के सामने हुआ. मंगलवार को हर तरफ नए साल के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गईं, वहीं हर कोई गुजरते साल को विदाई देने के लिए पार्टी कर रहा था।

नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित: पीएम मोदी

नई दिल्ली.

नए साल के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने किसानों को लेकर अहम फैसले लिए हैं। कैबिनेट ने डीएपी खाद पर सब्सिडी और फसल बीमा योजना को लेकर किसानों को सौगात दी है। इन मामलों पर अब पीएम मोदी की ओर से प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'फसल बीमा योजना' के लिए आवंटन बढ़ाने सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कुछ अन्य फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नये साल में सरकार का पहला फैसला किसानों को समर्पित है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में यह भी कहा कि उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फैसले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, नए वर्ष

का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 का पहला, मंत्रिमंडल का फैसला हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

1,350 रुपये में मिलेगी डीएपी

प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को 3,850 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। मंत्रिमंडल के इस फैसले से किसानों को डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की 50 किलो वजन की एक बोरी 1,350 रुपये में मिल सकेगी।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2026 तक बढ़ाई गई

बता दें कि, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2025-26 तक कुल 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों को नहीं रोके जा सकने योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी।

अक्कलकोट में भीषण सड़क हादसा

> दर्शन करने जा रहे 4 श्रद्धालुओं की मौत, 7 घायल

अक्कलकोट.

पिछले साल को अलविदा कहकर दुनिया भर में नए साल का स्वागत किया जा रहा है. नए साल पर शिरडी साईबाबा, शेगांव के गजानन महाराज, पंधारी के पांडुरंगा और अक्कलकोट के स्वामी समर्थ के दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्त आ रहे हैं. इस बीच अक्कलकोट में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई. इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि सात लोग घायल हो गए.

नांदेड़ जिले के थे सभी श्रद्धालु

दरअसल, अक्कलकोट में दर्शन के लिए गंगापुर की ओर जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अक्कलकोट तालुक के मिंदारगी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, स्कॉर्पियो और आयशर ट्रकों से भीषण दुर्घटना हुई. जानकारी के मुताबिक सभी श्रद्धालु नांदेड़ जिले के थे. अक्कलकोट पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को तुरंत

अक्कलकोट सार्वजनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया.

परिजनों से संपर्क कर रही पुलिस

इस हादसे में कार में सवार दो महिलाओं और दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा किया. अक्कलकोट पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई है और घायलों को तुरंत अक्कलकोट सार्वजनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस ने हादसे के शिकार लोगों के परिजनों से भी संपर्क किया है.

गौरतलब है कि नए साल में भगवान के दर्शन के लिए निकले भक्त हादसे का शिकार हो गए. इसके बाद से ही उनके घर पर उदासी का माहौल है. नए साल के मौके पर घर पर मातम पसरा हुआ है. दूसरी तरफ घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है.

एनडीए से अलग होंगे नीतीश कुमार?

पटना.

वर्ष 2025 की शुरुआत में बिहार पॉलिटिक्स में उथल-पुथल होने की सुगबुगाहट लेकर आई है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से नाराज हैं, इसलिए वे एनडीए से अलग हो सकते हैं. तो क्या सच में एनडीए से अलग होंगे नीतीश कुमार? इस सवाल को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा गरमाई हुई है. दरअसल, कुछ ऐसे संकेत मिल रहे हैं, जिनसे ऐसा लग रहा है कि वे मकर सक्रांति के बाद बिहार की सियासत में बड़ा गेम कर सकते हैं.

बीजेपी से कथित नाराजगी

नीतीश कुमार के बीजेपी से कथित नाराजगी की खबरें सुर्खियों में छाई हुई हैं. उधर, इंडिया ब्लॉक की उम्मीदों की पंख लगे हुए हैं उसको लगता है कि नीतीश वापसी करेंगे. इंडिया ब्लॉक शामिल आरजेडी भी नीतीश कुमार पर नजरें गड़ाए हुए है.

मीडिया से नहीं कर रहे बात

नीतीश कुमार काफी समय मीडिया से मुखातिब नहीं हो रहे हैं. जब-जब वे चुप होते हैं, तब-तब बिहार की सियासत में कोई बड़ा खेला हुआ है. इस बार उनके बीजेपी से नाराज की चर्चा है, जिसने उनके एनडीए से अलग होने के सवाल को जन्म दिया है. नीतीश कुमार ने हाल ही में दिल्ली में दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिजनों से मुलाकात की थी.

वहां नमाज नहीं, कुछ और हो रहा...ओवैसी

नई दिल्ली.

असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर विवादित बयान देकर लोगों को भड़काने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, 'मैं इतने बरसों से कह रहा हूं कि अपनी मस्जिदों को आबाद रखो, लेकिन कई बोलते हैं कि असदुद्दीन ओवैसी जज्बाती बयान देते हैं। लेकिन हकीकत ये है कि काशी की मस्जिद के हक को हम खो चुके हैं। वहां नमाज नहीं, कुछ और हो रहा है।'

ओवैसी ने और क्या कहा?

ओवैसी ने कहा, 'मथुरा की मस्जिद पर ललचाई नजरें लगाए बैठे हैं। संभल का किस्सा आपके सामने है कि एक ही दिन में 1/2घंटे में ऑर्डर, 1 घंटे में सर्वे और 5 लोगों को शहीद कर दिया जाता है। इससे भी दिल नहीं भरा तो वक्फ की जमीन पर पुलिस थाना बनाया जाता है। ये गैर प्रोटेक्शन ऑफ मॉन्युमेंट कानूनी के खिलाफ भी है।'

ओवैसी ने कहा, 'मैंने संसद में उठाया कि 1962 में चोरी हुई, दंगे हुए और बंगाल के हमारे देश के 8 लाख लोगों को जबरन बांग्लादेश भेज दिया गया। कई लोगों ने मुझसे पूछा कि ऐसा आप कैसे कह सकते है। मैंने सबूत दिखा दिए। 1960 में नेहरू के वक्त असम से 40,000 लोगों को जबरन ईस्ट बंगाल में डाल दिया कि वो

पाकिस्तानी हैं। बीजेपी की कामयाबी नफरत की कामयाबी है, मोहब्बत की कामयाबी नहीं है। अपने आप भविष्य में बदलाव नहीं आएगा। अपनी दुआओं में फिलिस्तीनियों को याद करें। अब गाजा में 9 -10 साल के बच्चे नहीं बचे, सब मर चुके हैं।'

गौरतलब है कि हालही में यूपी के संभल में जामा मस्जिद के पास बन रही पुलिस चौकी को लेकर सियासत गरमा गई थी और एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया था कि पुलिस चौकी वक्फ की जमीन पर बन रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए ये दावा किया था। सांसद ने मंगलवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- संभल की जामा मस्जिद के पास जो पुलिस चौकी बनाई जा रही है, वह वक्फ की जमीन पर है, जैसा कि रिकॉर्ड में दर्ज है।

ट्रक-बाइक की टक्कर में हादसा

> कांडली में तीन युवकों की मौत

अमरावती.

ट्रक और दुपहिया वाहन की टक्कर में कांडली के पास के तीन युवकों की मौत हो गई। ये हादसा साल 2024 की आखिरी रात (31 दिसंबर) को हुआ. मृतकों की पहचान रामनगर निवासी विवेक नरेंद्र कडू (23), विक्रम मदनसिंह चव्हाण (14, वनश्री कॉलोनी) और कुणाल राजेश नंदगांवकर (19, एकता नगरी) के रूप में हुई है। इस घटना से कांडली गांव में मातम छा गया है. मंगलवार को कुछ ही घंटों में नए साल की सुबह हो जाएगी रात में हर तरफ खुशी का माहौल था। नए साल के स्वागत के लिए हर कोई तैयार था। लेकिन यह खबर सुनते ही इस खुशी के त्योहार पर मातम छा गया. 31 दिसंबर को, अचलपुर तालुका के कांडली ग्राम पंचायत के निवासी छह

युवक दो दोपहिया वाहनों पर धरनी मार्ग पर बुराडघाट के पास घोडगांव होटल गए थे।

रात के समय कांडली गांव वापस आते समय सामने से आ रहे ट्रक ने दोपहिया वाहन में टक्कर मार दी। कांडली में राधाकृष्णनगरी के निवासी करण संजय गोंडोले द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, प्रतीक खाजदेव, भूषण नेतनराव और करण गोंडोले नाम के तीन व्यक्ति प्रतीक रवि खाजदेव की शाइन मोटरसाइकिल पर बैठे थे, जबकि विवेक कडू, विक्रम चव्हाण, कुणाल राजेश नंदगांवकर यामाहा पर सवार थे।

अमेरिका के न्यू आर्लियंस में आतंकी हमला

> कार ने लोगों को कुचला; 10 की मौत

न्यू ओर्लियंस.

अमेरिका में न्यू ओर्लियंस कैनाल और बॉर्बन स्ट्रीट पर बुधवार को एक कार के भीड़ में घुसने से 10 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी शहर की आपातकालीन तैयारी एजेंसी नोला रेडी ने दी। न्यू ओर्लियंस पुलिस ने पहले कहा था कि वह बड़े पैमाने पर लोगों के हताहत होने की घटना जैसी स्थिति से निपट रही है। नोला रेडी ने लोगों को क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है। अभी संदिग्ध की गिरफ्तारी को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। न्यू ओर्लियंस के मेयर ने इसे आतंकी हमला बताया है।

घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती



घायलों को पांच स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह घटना न्यू ओर्लियंस में नए साल के जश्न के अंत में और शहर के कैसर सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबॉल क्वार्टर फाइनल ऑलस्टेट बाउल की शुरुआत से कुछ घंटे पहले हुई, जिसमें हजारों लोगों की उपस्थिति की उम्मीद थी।

यह आतंकवादी हमला है'

न्यू ओर्लियंस के मेयर ने कहा कि नए साल के दिन भीड़ में कार घुसने से बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की घटना 'आतंकवादी हमला' है।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया की तेज रफ्तार गाड़ी आई और भीड़ पर चढ़ा दी। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है कि हमला जानबूझकर किया गया था। न्यू ओर्लियंस पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार ऐसा लगता है कि एक वाहन ने लोगों के समूह में घुसकर कुचल दिया। हालांकि, इसमें जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसका ठीक से आकलन नहीं किया जा सका है।

बोरवेल से निकाली गई 3 साल की चेतना की मौत

> 10 दिन से फंसी थी 700 फुट गहराई में

कोटपूतली.

राजस्थान के कोटपूतली में 700 फीट गहरे बोरवेल में 10 दिनों से फंसी 3 साल की बच्ची चेतना को आखिरकार बुधवार को बाहर तो निकाल लिया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका. डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया. बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है यह बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण था और इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी.

चेतना को बोरवेल से निकालने के तुरंत बाद ही उसे अस्पताल ले जाया गया, ताकि उसकी स्वास्थ्य जांच की जा सके. लेकिन जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. राजस्थान एनडीआरएफ के चीफ योगेश मीणा के मुताबिक, बच्ची को अचेत अवस्था में निकाला गया है. जब उसे बाहर निकाला गया तो उस दौरान शरीर में

कोई मूवमेंट नहीं था. 10 दिन चले रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ की टीम काफी मशक्कत करनी पड़ी. रेस्क्यू टीम ने बोरवेल के समानांतर एक सुरंग खोदकर उसे बाहर निकाला. चेतना को निकालने के लिए यह अभियान राज्य में सबसे लंबे बचाव अभियानों में से एक रहा. बोरवेल में गिरी बच्ची के परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है.

किसानों को मोदी सरकार ने दिया नए साल का तोहफा

> अब खाद पर मिलेगी ज्यादा सब्सिडी

नई दिल्ली.

नए साल की पहली कैबिनेट मीटिंग में किसानों के लिए अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है. इसमें डीएपी फर्टिलाइजर बनाने वाली कंपनियों के लिए सरकार ने स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी है. इससे किसानों को डीएपी के लिए अधिक कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी और वो खाद पर ज्यादा सब्सिडी हासिल कर पाएंगे. कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त सरकार वित्तीय मदद भी देगी.

2025 की पहली कैबिनेट मीटिंग में केंद्र सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर्स के मैन्यूफैक्चरर्स को राहत दी है. इसके तहत इन्हें सब्सिडी के अलावा आर्थिक सहायता देने पर भी मंजूरी दी गई है. इन फैसलों का लक्ष्य कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देना, किसानों को आर्थिक रूप से मदद देना और जरूरी फर्टिलाइजर्स तक किफायती पहुंच दिलाना है.

यूनियन कैबिनेट का एक और फैसला भी आया है जिसके तहत बीमा योजना को किसानों के लिए और आकर्षक बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है. फसल बीमा योजना को आसान बनाने के लिए उसके नियम कानून को संशोधित किया जाएगा. इससे सस्ते दर पर और आसान नियम के तहत फसलों का बीमा हो पाए इसकी व्यवस्था होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में साल 2025 की पहली केंद्रीय कैबिनेट बैठक हुई जिसमें बड़े फैसले लिए गए हैं. इसमें डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का फैसला लिया गया है. ये पैकेज एक साल के लिए लागू रहेगा यानी 31 दिसंबर 2025 तक के लिए इसका फायदा लिया जा सकेगा. सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर मैन्यूफैक्चरर्स को वित्तीय सहायता देने के लिए इस पैकेज की मंजूरी दी और कच्चे माल की बढ़ती लागत की भरपाई के लिए इस फैसले को लागू किया जा रहा है.

बीमा योजना के प्रस्ताव को मंजूरी

डीएपी का मतलब है डाइ-अमोनियम फॉस्फेट, यह एक फर्टिलाइजर है जो फसल और पौधों के लिए फास्फोरस और नाइट्रोजन का एक मुख्य सोर्स है. डीएपी एक पानी में घुलने वाला फर्टिलाइजर है जो अमोनिया और फॉस्फोरिक एसिड की रिएक्शन से बनता है. यह खेती और दूसर उद्योगों के लिए एक पॉपुलर ऑप्शन है क्योंकि यह तेजी से घुलने वाला है और इसमें हाई न्यूट्रिएंट्स होते हैं

सोना रिकॉर्ड छलांग के लिए तैयार

> वैश्विक संकेतों से भाव ₹ 90 हजार तक पहुंचने का अनुमान

नई दिल्ली. सुरक्षित निवेश के रूप में सोने का भाव नए साल में भी रिकॉर्ड स्तरों तक पहुंच सकता है। कीमतें 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं। अगर भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं जारी रहती हैं तो घरेलू बाजार में यह 90,000 रुपये के स्तर तक भी पहुंच सकता है। मौद्रिक नीति में नरम रुख और केंद्रीय बैंकों की खरीद से भी सोने में तेजी को मदद मिल रही है। हालांकि यदि भू-राजनीतिक संकट कम हो जाए, तो रुपये के मूल्य में गिरावट थमने के कारण कीमती धातु कमजोर पड़ सकती है। वर्तमान में हाजिर बाजार में सोने का भाव 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में 76,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा है।

सोने ने 2024 में अपने नए शिखर पर पहुंचने के साथ मजबूत प्रदर्शन किया। दौरान घरेलू बाजार में सोने में 23 प्रतिशत रिटर्न दर्ज किया गया। 30 अक्तूबर को पीली धातु ने 82,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। चांदी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स सोना वायदा ने वर्ष की शुरुआत लगभग 2,062 डॉलर प्रति औंस पर की और 31 अक्टूबर को 2,790 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया.

रोजमर्रा के व्यय के लिए ऋण ले रहे छोटे कर्जदार

नई दिल्ली. आरबीआई ने खुलासा किया है कि छोटे कर्जदार जहां रोजमर्रा के खर्च चलाने के लिए कर्ज ले रहे हैं, वहीं बड़े उधारकर्ता ऋण लेकर संपत्तियां बना रहे हैं। खासकर मकान के लिए बड़े कर्जदाता उधारी ले रहे हैं। ऐसे लोगों का क्रेडिट स्कोर 720 से ऊपर होता है, जबकि छोटे कर्जदारों का स्कोर 720 से नीचे होता है।आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा, पिछले तीन वर्षों में भारतीय परिवारों के कर्ज में वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह कर्ज लेने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी है। जून, 2024 में मौजूदा बाजार मूल्यों पर जीडीपी का 42.9 फीसदी कर्ज भारतीय परिवारों पर था। यह अन्य उभरते देशों की तुलना में काफी कम है।

मुख्य रूप से जो व्यक्तिगत कर्ज भारत में लिए जा रहे हैं, वे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड, कंज्यूमर ड्यूरेबल, वाहन, दोपहिया, शिक्षा, कृषि और मॉर्गेज लोन हैं।

उच्च श्रेणी के उधारकर्ताओं के बीच प्रति व्यक्ति कर्ज में वृद्धि और परिसंपत्ति निर्माण के लिए ऋण का उपयोग वित्तीय स्थिरता बढ़ाने वाला है।आरबीआई ने किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिए हाल में असुरक्षित ऋण जैसे कुछ खुदरा कर्जों पर बैंकों और एनबीएफसी के लिए उच्च जोखिम भार लगाया है। कर्ज का लगभग दो तिहाई हिस्सा बेहतर क्रेडिट क्वालिटी वाला है। 50,000 रुपये से कम पर्सनल लोन लेने वाले 11 फीसदी उधारकर्ताओं में से 60 फीसदी से अधिक ने 2024-25 में तीन से अधिक बार कर्ज लिया है।

एंथम बायोसाइंसेज ने दाखिल किया आईपीओ प्रस्ताव

मुंबई.

एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास 3,395 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। यह कंपनी एक नवाचार-आधारित और टेक्नोलोजी-केंद्रित कोंट्रेक्ट रिसर्च, विकास और विनिर्माण संगठन है, जो दवा खोज, विकास और विनिर्माण से संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के आईपीओ में शेयरधारकों द्वारा 3,395 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स गणेश संबासिवम और के रविंद्र चंद्रप्पा प्रत्येक 350 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर बेचेंगे।

निवेशक सेलिंग शेयरहोल्डर्स में, विरिडिटी टोन एलएलपी (टू नॉर्थ) 1,325 करोड़ रुपये तक और पोर्ट्समाउथ टेक्नोलॉजीज एलएलसी 320 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर बेचने का प्रस्ताव कर रही है।

2006 में निगमित हुई इस कंपनी के भारत में दो विनिर्माण सुविधाएं हैं, जो कर्नाटका राज्य के बोम्मासंद्रा (यूनिट-1) और हरोहल्ली (यूनिट-2) में स्थित हैं। इसके पास एन.सी.ई और एनबीई की लाइफ साइकल में सीआरडीएमओ सेवाओं की एक विस्तृत और अनुकूलन योग्य रेंज उपलब्ध है। कंपनी पेप्टाइड्स, लिपिड और ऑलिगोन्यूक्लियोटाइड्स जैसी तकनीकों में मजबूत उपस्थिति रखती है और दवा विकास के लिए उच्चतम तकनीकी क्षमताओं की पेशकश करती है। कंपनी का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2023 में 1,056 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1,419 करोड़ रुपये हो गया है, जो 34.3 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी का 367 करोड़ रुपये रहा।

इस आईपीओ का बुक रनिंग लीड मैनेजर जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और नोमुरा फाइनेंशियल एडवाइजरी एंड सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड हैं।

प्रस्तावित इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध किया जाएगा।



कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में गिरावट

नई दिल्ली.

नए साल के पहले दिन बड़ी राहत की खबर आई है. देश में जुलाई के बाद पहली बार गैस सिलेंडर की कीमत में गिरावट देखने को मिली है. वास्तव में ये गिरावट कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में देखने को मिली है. जिसमें मामूली कमी देखने को मिली है. दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है. आखिरी बार मार्च 2024 में होली से पहले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कमी देखी गई थी. देश की ऑयल कंपनियां महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर के दाम अपडेट करती हैं.

आखिर साल 2025 के पहले महीने में आपको घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के कितने दाम चुकाने होंगे. आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव देखने को मिला है. देश के चारों महानगरों में रहने वाले लोगों को वो ही दाम चुकाने होंगे, जो 9 मार्च 2024 को आखिरी बार अपडेट हुए थे. तब ऑयल कंपनियों की ओर से घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की कटौती की गई थी. जिसके बाद दिल्ली में एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपए, कोलकाता में 829 रुपए, मुंबई में 802.50 रुपए और चेन्नई में 818.50 रुपए हो गई थी. वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में करीब 6 महीने के बाद गिरावट देखने को मिली है.

देश की राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 14.5 रुपए की मामूली गिरावट देखने को मिली है और 1,804 रुपए हो गए हैं. कोलकाता में 16 रुपए की गिरावट है और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1,911 रुपए हो गई है. मुंबई में 15 रुपए की गिरावट के बाद दाम 1,756 रुपए हो गए हैं. जबकि चेन्नई में 14.5 रुपए की गिरावट देखने को मिली है और कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें 1,966 रुपए देखने को मिल रही है.

इंफ्रा सेक्टर की वृद्धि दर घटी

नई दिल्ली.

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों का उत्पादन नवंबर 2024 में धीमा होकर 4.3 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले इसमें 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मासिक आधार पर, इन क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि अक्तूबर 2024 में दर्ज 3.7 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक रही। नवंबर माह में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन घट गया। सरकार ने मंगलवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। केंद्र का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के नवंबर महीने तक पूरे वित्त वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य का 52.5 प्रतिशत रहा। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के मुताबिक, सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान लगभग 8.47 लाख करोड़ रुपये था। यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित राजकोषीय घाटे लक्ष्य का 52.5 प्रतिशत है।केंद्रीय बजट में सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16,13,312 करोड़ रुपये पर सीमित रखना है।

नए साल में बुजुर्गों को राहत

> किसी भी शाखा से निकाल सकेंगे पेंशन

नई दिल्ली.

नया साल 2025 आ गया है। नए साल में आर्थिक मोर्चे पर कई बदलाव हुए हैं। आने वाले साल के लिए वित्तीय योजना बनाने से पहले इन बदलावों की जानकारी जरूरी है। नए साल में नियम बदल रहे हैं उनका सबसे बड़ा लाभ पेंशनधारकों को मिलेगा। अब वे देश में किसी भी शाखा से अपना पेंशन निकाल सकेंगे। 2025 में बैंकों के फिक्स्ड डिपॉजिट नियम, क्रेडिट कार्ड के फायदे और वीजा नियमों में बदलाव हो रहे हैं।

साल 2025 में पेंशनधारकों को राहत मिलने वाली है। 2025 से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) पेंशन के पैसों की निकासी के नियमों को सरल बना रही है। अब पेंशनभोगी किसी भी बैंक से अपनी पेंशन की राशि कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी अतिरिक्त सत्यापन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे वयोवृद्धि पेंशनभोगियों बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) को ईपीएफओ की आईटी आधुनिकीकरण परियोजना, सीआईटीईएस 2.01 के हिस्से के रूप में लागू किया जाना है।

इसकी शुरुआत 2025 में होगी। कर्मचारी पेंशन योजना के 78 लाख सदस्य नए साल में भारत में किसी भी बैंक शाखा से अपनी पेंशन ले सकेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, नए साल में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) एटीएम से पीएफ धन निकासी की सुविधा और ईपीएफ अंशदान सीमा को समाप्त करने सहित कई बदलाव भी लागू करने वाला है।

आरबीआई मार्च तिमाही में केंद्रशासित प्रदेशों को बॉन्ड बेचेगा

नई दिल्ली.

भारतीय रिजर्व बैंक 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को 4.73 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड बेचेगा। आरबीआई ने अपनी अधिसूचना में कहा कि तिमाही के दौरान होने वाली नीलामी का साप्ताहिक कार्यक्रम चलेगा। केंद्रीय बैंक ने बताया कि उधार की वास्तविक राशि और भाग लेने वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का विवरण वास्तविक नीलामी के दिन से दो/तीन दिन पहले प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाएगा।आरबीआई ने कहा, "आरबीआई बाजार की स्थितियों और अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए गैर-विघटनकारी तरीके से नीलामी आयोजित करने का प्रयास करेगा और तिमाही के दौरान उधार को समान रूप से वितरित करेगा।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि आरबीआई राज्य सरकारों/यूटी के परामर्श से नीलामी की तारीखों और राशि को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सरकारी बांड या सरकारी प्रतिभूति केंद्र सरकार या राज्य सरकारों की ओर से जारी एक व्यापार योग्य उपकरण है। भारत में, केंद्र सरकार ट्रेजरी बिल और बांड या दिनांकित प्रतिभूतियाँ दोनों जारी करती है, जबकि राज्य सरकारें केवल बांड या दिनांकित प्रतिभूतियां जारी करती हैं, जिन्हें राज्य विकास ऋण कहा जाता है।

सस्ता हो सकता है नए साल पर हवाई सफर

नई दिल्ली.

जहां एक ओर ऑयल कंपनियों ने गैस सिलेंडर की कीमतों में बड़ी राहत दी है. वहीं दूसरी ओर जेट फ्यूल की कीमतों में भी डेढ़ फीसदी से ज्यादा की कटौती देखने को मिली है. इससे नए साल में हवाई सफर सस्ता होने की उम्मीद है. किसी भी एयरलाइन के लिए सबसे ज्यादा कॉस्ट फ्यूल का होता है. अगर फ्यूल के दाम कम होते हैं तो एयरलाइन का ऑपरेशन कॉस्ट कम हो जाता है और हवाई टिकटों की कीमतों में की कटौती की संभावना रहती हैं.

आखिर ऑयल कंपनियों ने देश के प्रमुख चार महानगरों में डॉमेस्टिक फ्लाइट और इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए जेट फ्यूल के दाम कितने कर दिए हैं. आईओसीएल से मिली जानकारी के अनुसार देश के चारों महानगरों में डॉमेस्टिक फ्लाइट्स के जेट फ्यूल की कीमत में डेढ़ फीसदी से ज्यादा की कटौती की है. आंकड़ों के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली में 1,401.37 रुपए किलोलीटर की कटौती देखने को मिली है, जिसके बाद दाम 90,455.47 किलोलीटर हो गए हैं. जबकि कोलकाता में 1,491.84 रुपए की गिरावट देखी गई और जेट फ्यूल के दाम 93,059.79 रुपए किलोलीटर हो गए हैं. वहीं मुंबई में जेट फ्यूल 1,349.09 रुपए सस्ता हुआ है. जिसके बाद दाम 84,511.93 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं. वहीं चेन्नई में जेट फ्यूल की कीमत में 1,560.77 रुपए की कटौती देखी गई है, जिसके बाद दाम 93,670.72 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं.

वहीं इंटरनेशनल फ्लाइट्स चलाने वाली डॉमेस्टिक एयरलाइन के लिए भी जेट फ्यूल के दाम अपडेट हुए हैं. इसकी कीमत डॉलर में वसूल की जाती है. जहां दिल्ली में इंटरनेशनल फ्लाइट्स के जेट फ्यूल के दाम 812.75 डॉलर किलोलीटर हो गए हैं. वहीं कोलकाता से इंटरनेशनल उड़ान भरने वाली फ्लाइट के लिए जेट फ्यूल की कीमत 851.55 डॉलर हो चुकी है.

जबकि मुंबई में डॉमेस्टिक एयरलाइन के लिए जेट फ्यूल के दाम 811.98 डॉलर हो गए हैं, जो इंटरनेशनल फ्लाइट रन करती हैं. वहीं चेन्नई से इंटरनेशनल उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स के लिए जेट फ्यूल की कीमत सबसे कम 807.69 डॉलर देखने को मिली है.

मुंबई में मकान बिक्री का बना रिकॉर्ड

> 13 साल में सबसे ज्यादा हुई रजिस्ट्री

नई दिल्ली.

मुंबई का रियल एस्टेट बाजार 2024 में नए आयाम छू गया, नाइट फ्रैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में दिसंबर 2024 में 12,518 प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन से राज्य सरकार को 1,154 करोड़ रुपये का टैक्स मिला है. यह रजिस्ट्री की संख्या में 2 फीसदी की वृद्धि और स्टांप शुल्क संग्रह में 24 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि को दर्शाता है.

साल 2024 के लिए, कुल 141,302 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री और 12,161 करोड़ रुपये के राजस्व का अनुमान है, जो पिछले 13 वर्षों में सबसे अधिक है. यह प्रीमियम और बड़े घरों की मांग में बढ़ोतरी का संकेत देता है. प्रॉपर्टी खरीदारी की इस रिपोर्ट में सबसे अच्छी बात ये है कि अब लोग महंगी प्रॉपर्टी खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि लोग अब बड़े और लग्जरी घरों में रहना पसंद कर रहे हैं.

1,000-2,000 वर्ग फुट के अपार्टमेंट की हिस्सेदारी 8 फीसदी से बढ़कर 12 फीसदी हो गई, जबकि 2,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र वाले अपार्टमेंट की हिस्सेदारी 2 फीसदी पर स्थिर रही. इसके उलट, 500 वर्ग फुट तक की छोटी यूनिकट की रजिस्ट्री में गिरावट दर्ज की गई, जो 51 फीसदी से घटकर 35 फीसदी हो गई. यह दर्शाता है कि खरीदार अब बड़े और आरामदायक घरों को प्राथमिकता दे रहे हैं.

खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ेगी

मुंबई का रियल एस्टेट बाजार लगातार विकास कर रहा है, जिसमें प्रीमियम और विशाल घरों की बढ़ती मांग महत्वपूर्ण है. यह बदलाव न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देता है, बल्कि मुंबई में एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश में फायदा भी देता है. प्रीमियम संपत्तियों और बड़े घरों की मांग में वृद्धि इस बात का संकेत है कि मुंबई में जीवन स्तर और आर्थिक क्षमता दोनों ही बढ़ रहे हैं.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

निकाल — गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 01 • तिकिट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 01/01/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- : MG-07 : 2739 — वैशाली लॉटरी, बोरिवली

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- : 2535 — महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर

तिसरे बक्षिस रु. 1000/- : 1471 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई), 3986 (किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली), 5632 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई), 6197 (प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण), 7509

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

400/-	1374	2213	2665	3949	5110	5587	6283	7457
1018	1556	2214	2822	4102	5124	5735	6773	7797
1051	1645	2217	2927	4313	5253	5753	7087	7977
1188	1713	2224	3166	4358	5279	5792	7100	8382
1199	1810	2280	3201	4418	5405	5851	7152	8480
1218	2048	2348	3357	4472	5441	5886	7276	8626
1251	2086	2584	3361	4745	5503	5895	7337	8787
1265	2101	2590	3393	4796	5505	5957	7362	8888
1314	2209	2594	3583	5005	5567	6061	7390	8889

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी न्यू इयर विशेष मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 11-01-2025

जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख — दुसरे बक्षिस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजाराची 100 बक्षिसे)

गणेशलक्ष्मी विजयी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 01/01/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

सोडत दर बुधवार • सोडत क्रमांक 01 • तिकिट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 01/01/2025

मालिका	GL-00	GL-01	GL-02	GL-03	GL-04
पहिले बक्षिस रु. 10,000/-	1960	9978 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा)	5241	0153	8426 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर)

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- : 3078, 8240 (अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई)

तिसरे बक्षिस रु. 2000/- : 1160, 2825, 3709, 5279, 7376

चौथे बक्षिस रु. 1000/- : 0083, 0206, 0695, 1899, 1942, 2000, 2466, 6218, 7485, 8295

पाचवे बक्षिस रु. 500/- : 0495, 0809, 1072, 2779, 6657, 7036, 7702, 7745, 9263, 9325

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

सहावे बक्षिस रु.	0731	1671	2328	3325	4367	5547	6630	7677	8068	8805
300/-	0740	1680	2405	3359	4409	5591	6650	7698	8088	8831
0001	0873	1710	2475	3381	4420	5653	6667	7706	8106	8838
0007	0910	1719	2487	3403	4444	5718	6674	7716	8165	8853
0011	0929	1835	2488	3496	4456	5802	6730	7717	8240	8868
0058	0934	1855	2637	3525	4470	5820	6865	7722	8280	9015
0081	0974	1912	2672	3539	4630	5835	6934	7723	8281	9094
0148	0983	1944	2709	3544	4662	5885	6950	7749	8323	9148
0150	1114	1958	2766	3581	4665	5895	7049	7765	8333	9190
0207	1119	1975	2842	3830	4675	5907	7147	7774	8438	9438
0271	1139	2002	2872	3958	4741	5977	7170	7780	8442	9497
0304	1174	2028	2874	3986	4808	5979	7207	7787	8475	9545
0446	1190	2050	2896	4044	4843	6018	7242	7801	8559	9557
0450	1219	2054	2972	4076	4888	6154	7285	7817	8577	9582
0529	1277	2084	3003	4158	5067	6464	7338	7837	8583	9902
0609	1287	2129	3109	4178	5251	6502	7366	7860	8626	9946
0620	1309	2165	3172	4254	5353	6534	7567	7927	8686	9952
0637	1313	2242	3181	4300	5501	6560	7570	7937	8698	9982
0652	1376	2290	3263	4354	5523	6595	7603	7967	8780	9992

MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW — सोडत दिनांक 03-01-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — मालिका 10 — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे) — नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी बुध विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 01/01/2025

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah

प्रविण कडू : 9822472123

दो गुटों में झड़प, जमकर पथराव और आगजनी

मुंबई.

महाराष्ट्र के जलगांव में दो गुटों में भीषण झड़प की खबर सामने आ रही है। झड़प के दौरान जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की घटना भी हुई है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, कथित तौर राज्य सरकार में मंत्री गुलाब राव पाटिल की पत्नी को ले जा रही गाड़ी को लेकर दो गुटों में तनाव बढ़ा और इसके बाद दो गुटों में झड़प हो गई। घटना के बाद जलगांव के अलग-अलग हिस्सों में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

कैसे शुरू हुई झड़प?

प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पलाढ़ी गांव में 31 दिसंबर की रात

पथराव और आगजनी की घटना हुई है। कथित तौर पर मंत्री गुलाबराव पाटिल के परिवार को ले जा रहे वाहन के ड्राइवर द्वारा हॉर्न बजाने से विवाद पैदा हुआ। इसके बाद पलाढ़ी गांव के कुछ युवक और शिवसेना के कुछ कार्यकर्ता चिल्लाने लगे। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने पलाढ़ी गांव में पथराव और आगजनी की। पीटीआई के मुताबिक, पुलिस ने इस घटना के बारे में कहा है कि बहस मौके पर ही खत्म हो गई थी। हालांकि, लेकिन बाद में इलाके के कुछ लोग गांव के चौराहे पर गए और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एक और समूह वहां पहुंचा, जिसके बाद झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने कहा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। पुलिसबल और दमकल वाहनों को तैनात किया गया है।

पुलिस ने क्या कार्रवाई की?

जलगांव के पलाढ़ी में हुई हिंसा में अब तक 12 से 15 दुकानें जलने की खबर सामने आई है। झड़प के बाद फिलहाल जलगांव के अलग-अलग हिस्सों में भारी पुलिस बंदोबस्त लगाया गया है। पुलिस की ओर से इस हिंसा में शामिल लगभग 25 से 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में 9 से 10 लोगों को हिरासत में भी लिया है।

नए साल में 'दगडूशेठ' गणपति को देखने उमड़ी भीड़

पुणे. साल के पहले दिन सुबह से ही भगवान गणेश के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ नए साल का स्वागत किया। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्री के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट, सुवर्णयुग तरूण मंडल ने नववर्ष के अवसर पर मंदिर में आकर्षक पुष्प सज्जा का आयोजन किया। सुबह से अभिषेक करें दोपहर में शृंगार, सुप्रभात आरती, नैवेद्यम आरती, मध्याह्न आरती, शाम को महामंगल आरती और रात में सेजा आरती की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। नए साल की सजावट के साथ ही बुधवार को मंदिर में दैनिक अभिषेक, सहस्त्रवर्तन पूजा, सहस्त्रवर्तन संकल्प, शिशु पूजन सेवा, व्यक्तिगत गणेश यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

25 साल की अवधि में, हमारी पार्टी स्थिर : राज ठाकरे

मुंबई. नए साल की आगमन पर महाराष्ट्र में सभी राजनेताओं ने महाराष्ट्र के लोगों को नए वर्ष के उपलक्ष्य में राज ठाकरे ने मुंबईकरों के लिए खास संदेश लिखा है और उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दी है। इस संदेश में उन्होंने पिछले 25 साल की महाराष्ट्र की प्रगति का जिक्र किया है।

उन्होंने अपने संदेश में महाराष्ट्र के लोगों को संबोधित किया है। उन्होंने अपने संदेश में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ महाराष्ट्र के कनेक्शन को बताया और साथ ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी बात की और नए साल को लेकर अपने विचार बताए।

मेरे सभी महाराष्ट्र सैनिकों को स्नेहा, जय महाराष्ट्र

उन्होंने अपने संदेश में लिखा, सबसे पहले, सभी को अंग्रेजी नववर्ष की शुभकामनाएं! यह वर्ष कालक्रम में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह

एक चौथाई सदी के अंत का प्रतीक है। मानव जीवन के लगभग हर पहलू में इतने बदलाव हुए हैं कि 25 साल पहले की ज़िंदगी एक अलग युग की तरह लगती थी। इस 25 साल की अवधि में, हमारी पार्टी, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, जो बनी थी, स्थिर हो गई है, पार्टी ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। और इन सबने हमें बहुत कुछ सिखाया है।

भले ही इन 25 सालों में बहुत कुछ बदल गया हो, लेकिन बहुत सी चीजें वैसी ही रहीं, मुंबई जैसे महानगर में, जो महाराष्ट्र की राजधानी है, मराठी लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। युवाओं को काम नहीं मिलता, लेकिन साथ ही, राज्य के बाहर से आने वालों को नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। बेरोजगारों की कोई जाति नहीं होती, लेकिन उन्हें उस जाति का एहसास कराया जाता है, और वे जातियों के बीच संघर्ष भड़काते हैं। किसानों से लेकर गरीबों तक सभी मजदूरों का जीवन महंगाई से बर्बाद हो रहा है। और इस और हर दूसरी समस्या के समय लोग महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को याद करते हैं, लेकिन मतदान के समय पार्टी को भूल जाते हैं।

महाराष्ट्र के सबसे बड़े घोटाले के आरोपी गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर.

छत्रपति संभाजीनगर खेल परिसर घोटाले के मुख्य आरोपी हर्ष कुमार क्षीरसागर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हर्ष कुमार ने खेल विभाग में 21 करोड़ का घोटाला किया था. यह बात सामने आने के बाद वह 11 दिनों तक फरार था. आख़िरकार उसे आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह दिल्ली के निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भागने की फिराक में था।

इस घोटाले में हर्षकुमार की गर्लफ्रेंड अर्पिता वाडकर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. साथ ही अब यह भी कहा जा रहा है कि हर्षकुमार की गिरफ्तारी के बाद कई बड़े खुलासे होने की संभावना है. हर्षकुमार के माता-पिता को कर्नाटक के मुरुदेश्वर से हिरासत में लिया गया है.

हर्ष कुमार क्षीरसागर छत्रपति संभाजीनगर के डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कॉन्ट्रैक्ट क्लर्क के रूप में कार्यरत थे। उनका वेतन 13 हजार रुपए प्रति माह था। लेकिन उन्होंने 21 करोड़ 59 लाख 38 हजार



रुपये कमाए. उसने डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैंक खाते से अपने दो बैंक खातों में करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए थे। फिर उसने पंद्रह से अधिक खातों में रकम ट्रांसफर की और खर्च भी कर ली। इसके लिए उन्होंने एक कर्मचारी यशोदा शेट्टी की भी मदद ली. एक साल के अंदर ही हर्ष कुमार की इस लूट का खुलासा हो गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया. इसके बाद वह फरार हो गया.

हर्षकुमार क्षीरसागर के पास 1.35 करोड़ की BMW कार है। 1 करोड़ के घर में पिता के 1.20 करोड़ के 4 फ्लैट इंटीरियर का काम पूरा, 50 लाख में चीन से खरीदा 40 लाख की दो स्कोडा कारें, 32 लाख की बीएमडब्ल्यू बाइक और खाते से 3 करोड़ की संपत्ति मिली। साथ ही हर्षकुमार के दोस्त के पास भी करोड़ों की संपत्ति मिली है. अर्पिता के पास चिखलथाना इलाके में 1.35 करोड़ का फ्लैट, मुंबई में 1.05 करोड़ का फ्लैट, 1.44 लाख का आईफोन, 15 लाख की स्कोडा कार, 1.09 लाख का स्मार्टफोन और 3 बैंक खातों में 1 करोड़ 1 लाख रुपये हैं।

डिप्टी सीएम ने 'महादान' के साथ की न्यू ईयर की शुरुआत

मुंबई.

नए वर्ष 2025 का शुभारंभ हो चुका है। इस अवसर पर महाराष्ट्र में नए साल का स्वागत धूमधाम से किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्रियों ने राज्य के लोगों के साथ देशवासियों को नए साल शुभकामनाएं दी।

नए साल का स्वागत महाराष्ट्र के मंत्रियों ने थोड़े अलग ढंग से किया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने एक दिन पहले रक्तदान कर नए साल का स्वागत किया को कही साल के पहले दिन मंदिर में दर्शन कर नए साल की शुरुआत की।

एकनाथ शिंदे ने मनाया नया वर्ष

इस दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक दिन पहले ही ठाणे के दिवा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान को श्रेष्ठदान बताया और रक्तदान कर नए साल का शुभारंभ किया और सभी को नए साल की शुभकामनाएं दी और राज्य के लोगों को नव वर्ष की

हार्दिक शुभकामनाएं!

अजित पवार ने शेयर किया पोस्ट

अजित पवार ने नए साल की शुरुआत मंदिर में दर्शन कर किए और एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "मैं विश्वास व्यक्त करता हूं कि यह नया वर्ष राज्य के लोगों को विकास के नए अवसर प्रदान करेगा और महाराष्ट्र को सर्वांगीण प्रगति के पथ पर ले जाएगा। मेरी कामना है कि नया वर्ष 2025 सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए। मैं आपसे भी अपील करता हूं कि नए साल का स्वागत उत्साह के साथ ही धैर्य और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ करें।

महाराष्ट्र के लोगों की एकता और दृढ़ संकल्प के साथ हमने अब तक अपने सामने आई हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया है। महाराष्ट्र की यह एकता भविष्य में भी कायम रहनी है। कृषि, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, सहकारिता, कला, खेल, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक सुधार जैसे कई क्षेत्रों में महाराष्ट्र हमेशा देश में शीर्ष पर रहा है। आइए हम सब मिलकर महाराष्ट्र के इस शीर्ष स्थान को बनाए रखने के लिए काम करें। आइए हम शिव-शाहू-फुले-अंबेडकर के विचारों पर अपनी यात्रा जारी रखें और महाराष्ट्र और देश को विकास की दृष्टि से और भी अधिक गतिशील बनाएं।

ठाकरे गुट के पांच पूर्व नगरसेवक भाजपा में होंगे शामिल?

पुणे. विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को हराने के बाद महायुति ने बहुमत से निर्वाचित होकर राज्य में सत्ता स्थापित की है. इसके बाद उम्मीद है कि जल्द ही स्थानीय स्वशासन के चुनाव होंगे. इसी को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और जब से सत्ता का रुझान महागठबंधन की ओर दिखने लगा है, सियासी हलचल भी शुरू हो गई है. इस पृष्ठभूमि के खिलाफ, पुणे में शिवसेना उबाथा समूह के पांच पूर्व नगरसेवक भाजपा की राह पर हैं और 5 जनवरी को मुख्यमंत्री होंगे वे देवेन्द्र फड़णवीस की मौजूदगी में पार्टी में प्रवेश करेंगे कहते है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया है कि वह पार्टी नेताओं से नहीं मिल रहे हैं और विकास कार्यों को पूरा करने में मदद नहीं कर रहे हैं. चूंकि शिवसेना (उबाठा) के पांच पूर्व नगरसेवक जल्द ही पार्टी को हराने के बाद भाजपा में शामिल होंगे, यह भविष्यवाणी की गई है कि शिवसेना (उबाठा) को शहर में एक बड़ा झटका लगेगा। राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है कि भारतीय जनता पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे को सियासी झटका देने की तैयारी में है.

मुंबई में 8 पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल की सजा

मुंबई.

महाराष्ट्र में मुंबई की एक अदालत ने 8 पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पाकिस्तानी नेशनल्स को यह सजा 2015 के ड्रग्स जब्ती मामले में सुनाई है। दरअसल, साल 2015 में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के पास 6.96 करोड़ रुपये मूल्य की 232 किलोग्राम हेरोइन ले जा रही एक नाव से आरोपियों को अरेस्ट किया था। एनडीपीएस अधिनियम मामलों के स्पेशल जज शशिकांत बांगर ने इन आठ लोगों को ड्रग्स विरोधी कानून के तहत किए गए अपराधों के लिए दोषी ठहराया। आरोपियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अधिकतम 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई। साथ ही कोर्ट ने प्रत्येक पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक सुमेश पुंजवानी ने आरोपियों के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि यह अन्य मादक पदार्थ तस्करों के लिए सबक हो

सकता है। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि नरम रुख अपनाया जाना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने नरमी बरतने से इनकार कर दिया और आठों आरोपियों को अधिकतम सजा सुनाई।

अरेस्ट के समय सैटेलाइट फोन, GPS नेविगेशन चार्ट किए गए थे बरामद अभियोजन पक्ष के अनुसार, जिस नाव पर से इन आरोपियों को अरेस्ट किया गया था उस पर 11 ड्रम थे जिनमें 20 प्लास्टिक की थैलियां थीं जिनमें गेहुंआ भूरे रंग का पाउडर था। इसमें कहा गया कि प्रत्येक पैकेट की सामग्री की जांच की गई, जिससे पता चला कि वह हेरोइन है। आठ पाकिस्तानी नागरिकों के पास से तीन सैटेलाइट फोन, जीपीएस नेविगेशन चार्ट तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए। बाद में उन्हें दक्षिण मुंबई स्थित येलो गेट पुलिस को सौंप दिया गया।

रेलवे ट्रैक उड़ाने की एक और साजिश

>पटरी के पास मिला गैस से भरा सिलेंडर

पुणे. पुणे के उरुली कंचन क्षेत्र में रविवार की रात रेलवे ट्रैक पर गैस से भरा सिलेंडर रखकर दुर्घटना करने की कोशिश की गई। इस घटना का खुलासा लोको पायलट की सतर्कता से हुआ। इस संबंध में कंचन पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सिलेंडर में गैस भरी थी

यह घटना उस वक्त सामने आई जब लोको पायलट शरद शाहजी वाल्के (उम्र 38 वर्ष) रेलवे लाइन का निरीक्षण कर रहे थे। रविवार रात करीब 11 बजे जब वे ट्रैक पर निरीक्षण कर रहे थे, तब उन्होंने देखा कि रेलवे ट्रैक के पास प्रिया गोल्ड कंपनी का गैस सिलेंडर रखा हुआ था। जब उन्होंने सिलेंडर उठाने की कोशिश की तो देखा

कि इस सिलेंडर में गैस (वजन करीब 3900 किलो) थी।

अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज

लोको पायलट ने तुरंत सिलेंडर को रेलवे ट्रैक से दूर हटा दिया और संभावित दुर्घटना को विफल कर दिया। शरद वाल्के ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इसके बाद उरुली कंचन पुलिस ने रेलवे की धारा 150, 152 के तहत अज्ञात व्यक्ति पर दुर्घटना का प्रयास करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए रेलवे और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना स्थल का दौरा किया।

ट्रेलर से गिरी लोहे की टिन; गुस्साई भीड़ ने आग लगाने का किया प्रयास

छत्रपति संभाजीनगर:

नागपुर- मुंबई समृद्धि महामार्ग अक्सर दुर्घटनाओं के लिए जाना जाता है क्योंकि आए दिन यहां इस महामार्ग से दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती है। इस बीच मंगलवार को नागपुर- मुंबई समृद्धि महामार्ग को नागपुर कॉरिडोर चैज क्रमांक 223 के पास ट्रेलर से वजनदार टिन शीट गिरी जिससे पिछे से आ रहे कई वाहन इस टिन शीट पर से गुजरने के बाद पंक्चर हो गए।

बताया गया कि लगभग 13 वाहन इस टिन की चपेट में आए, जिसके कारण वाहनों के टायर पंक्चर हो गए। इससे गुस्साए लोगों

ने टिन शीट ले जा रही ट्रेलर को आग लगाने का प्रयास किया। इस दौरान वाहनों में सवार महिला -पुरुषों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर वाहनों को पंक्चर मुक्त किया गया। इस घटना के बाद बहुत देर तक घटना स्थल पर अफरा तफरी का माहौल रहा।

पुलिस ने संभाला मामला

छत्रपति संभाजीनगर समृद्धि महामार्ग नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर 2024 की रात 8:28 बजे नागपुर कॉरिडोर चेंज क्रमांक 223 से ट्रेलर क्रमांक NL-01- AE-7143 गुजर रहा था। इस ट्रेलर में वजनदार लोहे की टिन शीट लोडेड थी जो इस महामार्ग पर गिरी।

उसके कुछ ही समय बाद वहां से कई वाहन इस गिरी टिन शीट के ऊपर से गुजरे, जिसके बाद इसमें 13 वाहनों के टायर पंक्चर हुए तथा कई वाहनों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। घटना की जानकारी पुलिस उपनिरीक्षक राठोड को मिलने के बाद वे अपने दस्ते साथ घटनास्थल पहुंचे। टिन शीट पर तेज रफ्तार से जाने वाली वाहनें पंक्चर होने के बाद महामार्ग पुलिस ने सभी वाहनों को रास्ते के किनारे लगाया।

सुधारी गई पंक्चर गाड़ियां

गौरतलब है कि इन सभी वाहनों में महिला एवं पुरुष सवार थे। उन सभी को सुरक्षित स्थल पर भेजा गया। कई लोगों ने महामार्ग पर गिरी टिन शीट उठाने का प्रयास किया लेकिन टिन शीट वजनदार होने के कारण वह हटाने में काफी मुश्किलें आई। जिन वाहनों के टायर पंक्चर हुए उनके टायर बदलने के लिए मालेगाव के बाबा गॅरेज बुलाया गया था। उन्होने पंक्चर हुए टायर बदलने का काम किया। ट्रेलर नजदीकी पुलिस थाने के जमा किया गया है। अब तक ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की खबर सामने नहीं आई है।

राजन साल्वी बीजेपी के रास्ते पर!

मुंबई. लोकसभा चुनाव में मिली जोरदार सफलता से शिवसेना की उम्मीदें बढ़ गई थीं, लेकिन विधानसभा चुनाव में मिले भारी झटके से कई नेता भविष्य की राजनीतिक राह को लेकर चिंतित हैं. इसी चिंता के चलते पुणे में ठाकरे सेना के छह नगरसेवकों के बीजेपी में शामिल होने का फैसला करने के बाद यहां कोंकण में शिवसेना के वफादार माने जाने वाले पूर्व विधायक राजन साल्वी ने भी शिवसेना को 'जय महाराष्ट्र' कहने का फैसला किया है और वह इसमें शामिल होंगे. भारतीय जनता पार्टी जड़. राजन साल्वी ने बालासाहेब ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ भी काम किया। उन्होंने शिवसेना से तीन बार राजापुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन जैसे ही महाविकास अघाड़ी सरकार गई और बीजेपी सत्ता में आई, ईडी की नजर साल्वी पर पड़ी, विधानसभा में हार, नतीजों को लेकर मन में दुविधा, आखिरकार फैसला लेने के बाद साल्वी से ईडी ने पूछताछ की.

आज का राशिफल

मेष- आज आपको अपने सभी कामों को सोच समझ कर ही करना होगा, नहीं तो समस्या हो सकती है।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए आय के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आय बढ़ने से समस्याएं कम होंगी।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने माता-पिता की बातों को इग्नोर नहीं करना है.

कर्क -आज का दिन आपके लिए वाणी की कोमलता को बनाए रखने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको समय का सदुपयोग करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए रहेगा।

तुला -आज का दिन आपके धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। धन को लेकर आपको ज्यादा मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है.

वृश्चिक-आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी की कही सुनी बातों में न आएं.

धनु -आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

मकर -आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से खटपट होने की संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। बिजनेस में किसी योजना पर विराम लग सकता है.

मीन- आज का दिन आपके लिए किसी उलझनों से दूर रहने के लिए रहेगा, इसलिए आप कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोले।

सरपंच हत्याकांड : धनंजय देशमुख सीआईडी कार्यालय में

बीड :

दिवंगत सरपंच संतोष देशमुख के भाई धनंजय देशमुख एक बार फिर सीआईडी अधिकारियों से मिले. मीडिया से बात करते हुए धनंजय देशमुख ने कहा कि वह यह पता लगाने आए हैं कि मामले की जांच कहां तक जा रही है. धनंजय देशमुख ने कहा कि मुझे किसी ने फोन नहीं किया, मैं जांच के बारे में जानने के लिए खुद ही सीआईडी अधिकारियों से मिला.

धनंजय देशमुख ने भी दो दिन पहले सी.आई.डी अधिकारियों के साथ बैठक की. धनंजय देशमुख ने मीडिया को बताया कि सीआईडी अधिकारियों ने उन्हें बताया कि अगले एक-दो दिनों

में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उसके बाद आज एक बार फिर धनंजय देशमुख सीआईडी अधिकारियों से मिलने पहुंचे. उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह जांच का पालन करने आये हैं.

धनंजय देशमुख ने क्या कहा?

मैं अगले दिन भी अकेले ही अधिकारियों से मिलने आया. मामले की जांच कहां तक चल रही है? मुझे क्या अनुवर्ती कार्रवाई करनी चाहिए? मैं क्या कर सकता हूँ या सीआईडी अधिकारियों ने अब तक क्या किया है? मैं यह देखने आया हूं, धनंजय देशमुख ने कहा। मुझे यह नहीं सोचना चाहिए कि मुझे जांच से कोई जानकारी नहीं है.' साथ ही मैं इस मामले में जांच को आगे बढ़ा रहा हूं.' सीआईडी अच्छा काम कर रही है. उन्होंने कहा, ''लेकिन हमें भी ध्यान देना होगा.''

संतोष देशमुख हत्याकांड में सरकार की ओर सेएसआईटी स्थापित किया गया है. इस बारे में धनंजय मुंडे से पूछा तो एसआईटी में कौन-कौन से अधिकारी होते हैं इसका काम यह कैसा होगा इसकी जानकारी हम लेंगे ऐसा उन्होंने कहा.

जाहीर नोटीस

आमचे पक्षकार नामे मेस. एम. एस. उत्तरवार तर्फे प्रो. प्रा. सौ. वर्षा प्रविण उत्तरवार रा. शास्त्रीनगर मुल रोड चंद्रपूर यांनी बँक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा देवई गोविंदपूर तुकुम चंद्रपूर कडून घेतलेल्या कॅश क्रेडीट कर्जाची नाममात्र रक्कम शिल्लक राहलेली असतांना, त्या नाममात्र रक्कमेवर अव्वाच्यासव्वा व्याजदर व इतर कागदोपत्री कर लावीत कथित कर्जाच्या वसुलीची कार्यवाही कामी आमचे पक्षकाराची गहान असलेली मिळकत मौजा नझुल भानापेठ, चंद्रपूर येथील महानगरपालिकेच्या हद्दितील सर्व्हे नं. १७०९०, शिट नं. ५०, प्लॉट नं. ७३ क्षेत्र ५५.७४ चौ.मी. व त्यावरील दोन मंजली बांधकाम असलेली इमारत लिलावाला काढली असल्याचा बेकायदेशीर जाहीर नोटीस दि. १७.१२.२०२४ रोजीच्या दैनिक वृत्तपत्र लोकसत्ता व इंडीयन एक्सप्रेस मध्ये प्रकाशीत केलेला आहे.

बँक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा देवई गोविंदपूर तुकुम चंद्रपूर च्या अरेरावी व्याजदर व इतर करांविरूद्ध आमचे पक्षकाराने मा. कर्ज वसूली न्यायधिकरण मंच नागपूर (डीआरटी) येथे ओ ऐ/५२५/२०१९ व एस ए/१८४/२०२१ दाखल केल्या असून, त्या प्रलंबित आहे. अशा परिस्थितीत, आमचे पक्षकाराची उपरोक्त मिळकत घेण्याचा व्यवहार कोणीही बँक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा देवई गोविंदपूर तुकुम चंद्रपूर करू नये, अन्यथा मा. कर्ज वसूली न्यायधिकरण मंच नागपूर येथे प्रलंबित प्रकरणात त्या प्रस्तावित विकत घेणाऱ्यास पक्ष म्हणून जोडण्यात येईल. त्यातून उद्भवणाऱ्या सर्व खर्च व परिणामाची सर्वस्वी जबाबदारी प्रस्तावित विकत घेणाऱ्याची राहील.

ADV. AZMAT I. SHAH
DRT NAGPUR

**कोर्ट विद्यमान सुनिल साळवे
नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी,
नागपूर शहर यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**

Email : www.tahsildarngpcity@gmail.com Phone No. 0712-2561975
क.ली/प्रस्तु- २/तह.नाग.(शहर)/प्र.क्र. ८६/कावि- ४५१/२०२४
दिनांक २९/११/२०२४

वाचा : **१)** जन्म मृत्यु नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२३, **५)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/२०२४, **६) श्रीमती संगीता मनोज कुहीकर,** वय ४०, धंदा खाजगी, रा. C/o श्री अनिल बोकडे, प्लॉट नं. १४६, चिटनीस नगर, ताजबाग गेट समोर, उमरेड रोड, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २५/०७/२०२४.

जाहिरनामा

ज्याअर्थी अर्जदार **श्रीमती संगीता मनोज कुहीकर,** वय ४०, धंदा खाजगी, रा. C/o श्री अनिल बोकडे, प्लॉट नं. १४६, चिटनीस नगर, ताजबाग गेट समोर, उमरेड रोड, नागपूर यांनी मुलीच्या **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हु **खुशी मनोज कुहीकर,** हिचा जन्म दिनांक १२/०४/२००७ रोजी डागा मेमोरिअल हॉस्पीटल, गांधीबाग, नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हु अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २, ३, ४, व ५ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहिरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का (सुनिल साळवे) नायब तहसिलदार
तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर)

Prasanna Publicity 09326927622

**कोर्ट विद्यमान सुनिल साळवे
नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी,
नागपूर शहर यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**

Email : www.tahsildarngpcity@gmail.com Phone No. 0712-2561975
क.ली/प्रस्तु- २/तह.नाग.(शहर)/प्र.क्र. ८५/कावि- ४५१/२०२४
दिनांक २९/११/२०२४

वाचा : **१)** जन्म मृत्यु नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२३, **५)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/२०२४, **६) श्रीमती संगीता मनोज कुहीकर,** वय ४०, धंदा खाजगी, रा. C/o श्री अनिल बोकडे, प्लॉट नं. १४६, चिटनीस नगर, ताजबाग गेट समोर, उमरेड रोड, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २५/०७/२०२४.

जाहिरनामा

ज्याअर्थी अर्जदार **श्रीमती संगीता मनोज कुहीकर,** वय ४०, धंदा खाजगी, रा. C/o श्री अनिल बोकडे, प्लॉट नं. १४६, चिटनीस नगर, ताजबाग गेट समोर, उमरेड रोड, नागपूर यांनी मुलाच्या **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हु **आदित्य मनोज कुहीकर,** यांचा जन्म दिनांक ०१/०९/२००८ रोजी डागा मेमोरिअल हॉस्पीटल, गांधीबाग, नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हु अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २, ३, ४, व ५ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहिरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का (सुनिल साळवे) नायब तहसिलदार
तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर. (शहर)

Prasanna Publicity 09326927622

सुविचार

समय के साथ जीवन में परिवर्तन किजीये ,
वरना वक्त बदलने के लिए तिने नाही लगेगा।

संपादकीय

लिखेंगे नई कहानी

साल 2024 को अलविदा कहने के बाद 2025 की ओर देखते हुए हम इस बात पर राहत और सुकून महसूस कर सकते हैं कि आगे की राह चुनौतियों से खाली भले न हो, पर उम्मीद और विश्वास के दीप उसे रोशन कर रहे हैं। राजनीतिक स्थिरता: 2024 में हुए लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनीतिक अस्थिरता की जो आशंका बनी थी, साल के अंत तक वह खत्म हो गई। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जाहिर कर दिया कि बीजेपी का दबदबा बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है और इस बीच पार्टी ने कहा कि वह पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल भी पूरा करेंगे। जहां तक देश के आर्थिक विकास की रफ्तार का सवाल है तो यह सही है कि हाल में इसमें थोड़ी कमी आई है। साल 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 5.4 फीसदी पर आ गई जो पिछली सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। लेकिन गौर करने की बात है कि यह चुनावी साल था। लिहाजा सरकारी खर्च में कमी एक बड़ा फैक्टर रही। जानकार मानते हैं कि तीसरी और चौथी तिमाहियों में यह रफ्तार तेज होगी। वैसे भी रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2024-25 में देश की सालाना बढ़ोतरी दर 6.6 फीसदी रहेगी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। खास बात यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक 2025 में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकता है।

पशुओं के 2 अवैध बाड़ों पर निगम की कार्रवाई

बाड़ों से गाय लेकर जा रही निगम की टीम पर हमला

शिवम वर्मा

इंदौर, बुधवार को नगर निगम की रिमूवल टीम ने दत्त नगर और सूर्यदेव नगर में बने पशुओं के अवैध बाड़ों पर कार्रवाई की। टीम जब यहां से गाय लेकर निगम की गोशाला जा रही थी, तभी रास्ते में निगम की टीम पर 100 से अधिक लोगो ने हमला कर दिया। गाड़ियों में तोड़फोड़ की, इस हमले में निगम के आधा दर्जन कर्मचारी घायल हो गए। वहीं एक दर्जन से अधिक गाड़ियां छतिग्रस्त हो गई। निगम कर्मचारियों ने हमले का आरोप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लगाया। घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद इस मामले में पुलिस केस दर्ज हुआ। कार्रवाई में देरी होने और मौके पर रिमूवल विभाग के अपर आयुक्त के मौजूद नहीं होने पर कर्मचारियों ने नाराजगी जाहिर की। कर्मचारियों ने पशु क्रूरता और कार्यकर्ताओ से अभद्रता की बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर ने बताया कि नगर निगम की टीम गोशाला और बाडा तोड़ने आई थी। इसके बाद निगम की गाड़ियों में गायों को भरा जा रहा था, जबकि इस गाड़ी में सिर्फ 7 पशुओं को ही ले जाया जा सकता है। लेकिन इसके बाद भी क्रूरतापूर्वक गायों को गाडियों में भरा जा रहा था। इस पशु क्रूरता का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो निगम कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता की,और हाथापाई की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कुछ हाथापाई की, नगर निगम इन दिनों अत्याचार और क्रूरता कर रहा है। पुलिस के साए में गाय गोशाला भेजी कार्रवाई के बाद करीब तीन किलोमीटर निगम की टीम निकल कर फूटी कोठी पर पहुंची थी, तभी हमला हुआ, इस दौरान कुछ गायों को वह छुड़ाकर ले गए, जिन्हें ज़ोन पर बांधा गया, इसमें से आनन फानन में टीम पशुओ से भरी गाडियों को लेकर निगम मुख्यालय पर पहुंची। यहां से एमजी रोड थाना पुलिस ने सुरक्षा के लिए लिए थाने से करीब

10 पुलिस कर्मियों की टीम भेजी। पुलिस साए में इन गायों को निगम की गाड़ियों से रेशम केंद्र स्थित गोशाला भेजा गया। निगम कर्मचारियों को इस बात का डर सता रहा था कि कहीं फिर से बजरंग दल के कार्यकर्ता हमला न कर दे। पहले कई बार रुकी कार्रवाई, जानकारी है कि जिस जगह निगम की टीम ने कार्रवाई की है, वहा आसपास के कॉलोनी के रहवासी परेशान थे। रहवासी संघ ने इसके लिए कई बार शिकायत भी की थी। निगम की टीम ने कई बार कार्रवाई की योजना बनाई, लेकिन हर बार कार्रवाई रुकवाने के लिए दवाब आया, और टीम ने कार्रवाई रुकवा दी। लेकिन बुधवार तडके कार्रवाई के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त शिवम वर्मा ने ग्रीन सिग्नल दिया था। इसी का नतीजा रहा कि टीम ने सुबह 9 बजे से पहले ही कार्रवाई पूरी कर ली थी। अवैध बाड़ों को तोड़ने के बाद जब गाय लेकर जा रहे थे तभी बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और हमलाकर गायों को छुड़ाकर ले गए। कर्मचारियों का दबी जुबान अपर आयुक्त पर गुस्सा, घटना के बाद निगम मुख्यालय पर सभी जोन के अधिकारी कर्मचारी एकत्रित हुए। इस दौरान टीम के कर्मचारियों में आक्रोश था कि जब वह बड़ी कार्रवाई करने गए, जो कि संवेदनशील श्रेणी में शामिल है, इस कार्रवाई के वक्त अपर आयुक्त रोहित सिसौनिया गायब थे। टीम पर हमला होने के कई घंटो बार सिसौनिया अस्पताल और फिर आयुक्त के साथ मुख्यालय पहुंचे। यहां कर्मचारियों ने कहा कि कार्रवाई के वक्त तो अधिकारी कहते है कार्रवाई करके आना नहीं तो सस्पेंड कर दिया जाएगा। लेकिन कार्रवाई के दौरान ही जब हमला हो गया तो उन्हें कम से कम मौजूद तो रहना चाहिए था। हमले में घायल निगम के रिमूवल विभाग के कर्मचारी, राहुल, रितेश, और कुणाल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें एक के हाथ में फ्रेक्चर है, निगमायुक्त शिवम वर्मा घायल कर्मचारियों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे। यहां उनके परिजनों से बात की और उनके उपचार को बन्दोबस्त कराने के निर्देश दिए। कड़ी कार्रवाई होगी जोन 21 में सूर्यदेव नगर में 3 हजार और दत्त नगर में 4 हजार वर्गफीट में अवैध तरीके से पशुओं के बाड़े बनाए गए थे। सुबह 9 बजे यह कार्रवाई पूरी हो चुकी थी, लेकिन जब बाड़ों से निकाली गई गाय और अन्य पशुओं को लेकर निगम की गोशाला जा रहे थे। तभी रास्ते में कोई निगम की टीम पर हमला हुआ, इसमें निगम कर्मचारी चोटिल हुए है। और गाड़ियां भी छतिग्रस्त हुई । घायल निगम कर्मचारियों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह स्थिर है, इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

सेहत

यात्रा की पैकिंग में जरूरी रखें चीजें साथ

❒ यात्राएं वैश्विक संस्कृतियों और परंपराओं के ज्ञान में वृद्धि करती हैं। देश-दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान हमें यात्रा-भ्रमण और देशाटन से होता है. यात्राओं पर जाते रहना न सिर्फ आपको मानसिक शांति प्रदान करता है साथ ही तनाव कम करने, मूड को ठीक रखने और नए अनुभवों, नए लोगों से मिलने का अवसर भी प्रदान करता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सभी लोगों को जीवन में उमंग, उत्साह और विचारों को ताजगी देने के लिए यात्राएं जरूर करनी चाहिए। हालांकि यात्राएं जितनी रोमांचकारी होती है उतनी ही चुनौतियों से भरी होती है। दरअसल, यात्रा के दौरान मौसम और सामाजिक परिवेश के अनुसार बदलता खान-पान स्वास्थ्य के लिए चुनौतियां पैदा करता है। जाहिर है ऐसे में यात्राओं की प्लानिंग करते वक्त उत्साह और आनंद के साथ सेहत को भी प्राथमिकता जरूर देनी चाहिए। बहरहाल, जल्द ही हम नए साल में प्रवेश करने जा रहे हैं ऐसे में किसी पसंदीदा जगह की यात्रा कर इस साल को अलविदा कहा जाए और नए साल की शुरुआत की जाए। दिसंबर का ये महीना चूंकि देश के अधिकतर हिस्सों में कड़ाके की ठंड वाला होता है, इसलिए किसी भी यात्रा के पहले वहां के मौसम के बारे में जान लेना और उसी आधार पर अपनी सेहत को ठीक बनाए रखने की प्लानिंग करना बहुत आवश्यक है। अगर आप भारत या विदेशों में भी कहीं यात्रा की प्लानिंग कर रहे हैं तो पहले वहां के मौसम और ठंड की स्थिति के बारे में जानकारी इकट्ठा कर लें। ताकि उसी हिसाब से योजनाएं बनाकर अपनी यात्रा का पूरा आनंद लिया जा सके। लंबी यात्रा के दौरान जेट लैग, थकान और संक्रामक बीमारियों से बचाव को लेकर पहले से ही सतर्कता बरतनी जरूरी है। सर्कैडियन रिदम (सोने-जागने के समय में बदलाव) में बदलाव के कारण नींद पूरी न होने और इससे संबंधित कई तरह की दिक्कतों का तो जोखिम रहता ही है साथ ही गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं जैसे सिरदर्द और चक्कर आने की दिक्कतें होना भी बहुत आम है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं- यात्रा के दौरान अपनी स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी चीजें जैसे न्यूट्रिशन ड्रिंक्स, संक्रामक रोगों से बचाव की दवाएं, पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को जरूर साथ रखें। ये आपकी यात्रा के दौरान सेहत को ठीक रखने में मददगार साबित हो सकती है। आप अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए अमेजन से जरूरी प्रोडेक्ट्स आसानी से ऑर्डर कर सकते हैं। मसलब्लेज और एचके विटल्स के साथ-साथ, डाबर, ग्रिट्ज़ो, हिमालया, द होल टुथ, द गुडबग और बेबीऑर्गेनो सहित शीर्ष ब्रांड्स पर विंटर ऑफर भी चल रहे हैं। इनमें से कई प्रोडक्ट्स पर आप 40% तक की छूट भी प्राप्त कर सकते हैं।

कहानी

प्रायश्चित

राजेश माहेश्वरी

❒ एक कस्बे में एक गरीब महिला जिसे आँखों से कम दिखता था, भिक्षा माँगकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही थी। एक दिन वह बीमार हो गई, किसी दयावान व्यक्ति ने उसे इलाज के लिये 500रू का नोट देकर कहा कि माई इससे दवा खरीद कर खा लेना। वह भी उसे आशीर्वाद देती हई अपने घर की ओर बढ़ गई। अंधेरा घिरने लगा था, रास्ते में एक सुनसान स्थान पर दो लड़के शराब पीकर ऊधम मचा रहे थे। वहाँ पहुँचने पर उन लड़कों ने भिक्षापात्र में 500रू का नोट देखकर शरारतवश वह पैसा अपने जेब में डाल लिया, महिला को आभास तो हो गया था पर वह कुछ बोली नहीं और चुपचाप अपने घर की ओर चली गई। सुबह दोनों शरारती लड़कों का नशा उतर जाने पर वे अपनी इस हरकत के लिये शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। वे शाम को उस भिखारिन को रूपये वापस करने के लिये इंतजार कर रहे थे। जब वह नियत समय पर नहीं आयी तो वे पता पूछकर उसके घर पहुँचे जहाँ उन्हें पता चला कि रात्रि में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी और दवा न खरीद पाने के कारण वृद्धा की मृत्यु हो गई थी।

यह सुनकर वे स्तब्ध रह गये कि उनकी एक शरारत ने किसी की जान ले ली थी। इससे उनके मन में स्वयं के प्रति घृणा और अपराधबोध का आभास होने लगा। उन्होंने अब कभी भी शराब न पीने की कसम खाई और शरारतपूर्ण गतिविधियों को भी बंद कर दिया। उन लड़कों में आये इस अकस्मात और आश्चर्यजनक परिवर्तन से उनके माता पिता भी आश्चर्यचकित थे। जब उन्हें वास्तविकता का पता हुआ तो उन्होंने हृदय से मृतात्मा के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुये अपने बच्चों को कहा कि तुम जीवन में अच्छे पथ पर चलो और वक्त आने पर दीन दुखियों की सेवा करने से कभी विमुख न होओ यहीं तुम्हारे लिये सच्चा प्रायश्चित होगा। आध्यात्मिक ज्ञान की आवश्यकता स्वामी जी से उनके एक शिष्य ने पूछा कि पशु पक्षी और मानव में क्या अंतर होता है। दोनों ही तो जीव है। उन्होंने इसका उत्तर देते हुए समझाया कि पशु पक्षी अपने बच्चों को सुरक्षित स्थान पर जन्म देकर, उनको भोजन उपलब्ध कराकर उनका पोषण करके सही वक्त पर उन्हें शिकार करने की शिक्षा देते है। यही उनका जीवन है।

आज के वर्तमान युग में माता पिता भी यही सोच रखते है कि बच्चों को जन्म देकर उनका शारीरिक पोषण करके, अच्छी शिक्षा दिलाने के बाद, धनोपार्जन करना सिखाकर, उन्हें अपने पैरों पर खडा कर देना ही उनके कर्तव्य का पूर्ण हो जाना समझते है। इसे ही वे अपने धर्म का पालन करना मान लेते हैं। यह सोच उचित नहीं है क्योंकि यदि ऐसा हो तो मनुष्य और पशु पक्षियों में क्या अंतर होगा?

व्यंग्य

खा 'ना' खजाना

अमित शर्मा

❍ खाली दिमाग शैतान का घर होता हैं और खाली पेट चूहों का. जब दिमाग और पेट दोनों भर जाते हैं तो शैतान और चूहे, रोहित शर्मा के टैलेंट की तरह अदृश्य हो जाते हैं. लेकिन जब ज़्यादा खाकर दिमाग और पेट दोनों पर चर्बी चढ़ जाये तो इंसान "विजय माल्या" गति को प्राप्त होता हैं. हम सब बचपन से सुनते आए हैं, "भूखे, भजन ना होए गोपाला, भूख ने हैं हमें मार डाला ". भूखे पेट भजन करना हमारे लिए संभव नहीं हैं , हाँ अगर कोई बखेड़ा खड़ा करना हो तो बात अलग हैं। हम धार्मिक प्रवृती के श्रद्धालु लोग हैं इसलिए हमारा दृढ़ विश्वास हैं की भगवान हमारे भजन करने का इंतज़ार ठीक वैसे ही करते हैं जैसे हम भारत वासी अच्छे दिनों और काले धन का , फेसबुक पर 89 लोगो को अपनी प्रोफाइल पिक में टैग करने के बाद लाइक का और दलित चिंतक हर घटना के पीछे "ब्राह्मणवादी मानसिकता" को ज़िम्मेदार ठहराने का करते हैं। "भूखे, भजन ना होए गोपाला दरअसल ऐसा कहना हमारी कोई मज़बूरी या कमजोरी नहीं हैं बल्कि ऐसा कहकर तो हम केवल कूटनीतिक तरीके से भगवान को "एक्सक्यूज़ मी" कहकर "भगवन -पूजा" से पहले "पेट- पूजा" करते हैं।

वैसे अगर इसे मज़बूरी भी माना जाये तो इसमें कुछ गलत नहीं हैं क्योंकि हम तो मज़बूरी को भी महात्मा गांधी का नाम देते हैं। ब्रेकफास्ट , लंच और डिनर हमारी दिनचर्या के अंग हैं और शरीर के सारे अंग अच्छे से काम करते रहे इसीलिए आजकल हमें टीवी पर बताया जाता हैं , "स्वाद का तड़का , अंग अंग -फड़का" क्योंकि जब खा-पीकर सारे अंग अपने आप ही फड़कने लगे तो पूरा शरीर बिना किसी योग- प्राणायाम और व्यायाम के वैसे ही स्वास्थ्य रहेगा। हम आजकल अपनी प्यास भी तूफानी तरीके से बुझाते हैं क्योंकि ये प्यास हैं "गरीब अन्नदाता" किसान की ज़िन्दगी की "लौ" नहीं की आसानी से बुझ जाये। हम बचपन से "खाना- खजाना' देखते आ रहे हैं , टीवी पर भी और राजनीती में भी। टीवी पर संजीव कपूर, पाककला से भरपूर, आमचूर से लेकर मोतीचूर तक हमें अलग अलग तरह की डिश बनाना सीखाते थे, तो वहीँ राजनीती में नेता भी वर्षो से जनता की हर तरह की "विश" में अपने "वैचारिक-विष" का तड़का लगाते रहे हैं। "खाना -खज़ाना" ने भ्रष्टाचार और अनैतिकता को बढ़ावा दिया हैं .

जीवनमंत्र

नए साल पर खुद से करें ये वादे

❍ नया साल हर व्यक्ति के जीवन में नई खुशियां, नई उम्मीद और नए सपने लेकर आता है. उम्मीदों का यह कारवां हर साल बनता और बिगड़ता है। यह वह समय होता है, जब हर व्यक्ति अपनी पुरानी गलतियों से सीख लेकर नए साल में सफलता हासिल करने के लिए अपने लिए कुछ अलग न्यू ईयर रेजोल्यूशन बनाने की कोशिश करता है। अगर आप भी चाहते हैं कि आने वाले नए साल में आपका सामना कभी भी निराशा से ना हो तो ये न्यू ईयर रेजोल्यूशन आइडियाज आपकी मदद कर सकते हैं। इस साल के रेजोल्यूशन में खुद से यह वादा करें कि आप दिनभर में कुछ तय घंटे अपने स्मार्टफोन से दूर रहेंगे। अपने दिनभर के सभी जरूरी काम निपटाने के बाद थोड़ा समय किताबों और अपनी हॉबी को दें। जरूरत से ज्यादा फोन यूज करने से मानसिक थकावट के साथ कई तरह की बीमारियां भी घेर सकती हैं।

घर से ऑफिस और ऑफिस से घर के अपने रूटीन को बदलकर, इस साल नई जगहों को एक्सप्लोर करने का नियम बनाएं। अलग-अलग जगह की यात्रा करने से ना सिर्फ आपका मूड अच्छा बना रहता है बल्कि आपको नई संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकारी मिलती है। नए साल में नेगेटिव सोच को छोड़कर खुद को पॉजिटिव बनाए रखने का प्रयास करें। हर परिस्थिति या विचार का सकारात्मक पहलू देखने की भी कोशिश करें। जब भी नेगेटिव विचार आएं, तो खुद को व्यस्त रखने की कोशिश करें। भागदौड़ भरी जिंदगी में आज व्यक्ति के पास अपने परिवार को देने के लिए भी उचित समय नहीं है। जिसकी वजह से लोगों के बीच दूरियां आने लगती हैं। ऐसे में इस साल अपने करियर के साथ परिवार को भी साथ लेकर चलें।

ऐसा करने से ना सिर्फ आपका परिवार और दोस्त बल्कि आप खुद भी खुश रहने लगेंगे। याद रखें एक प्रसन्न मन ही सफलता की नींव रख सकता है। इस साल परिवार, ऑफिस और बच्चों के साथ खुद के लिए भी थोड़ा सा समय निकालने की कोशिश करें। अपने इस मी-टाइम के दौरान खुद को बेहतर बनाने के तरीकों के बारे में सोचें। अगर आप अपने पेंटिंग, डांसिंग, सिंगिंग, गार्डनिंग जैसे शौक भूल चुके हैं तो इस साल एक बार फिर उन्हें दोबारा याद करके जिंदा करने की कोशिश करें। आपकी ये कोशिश आपके मन को खुशी और संतोष से भर देगी। अपने दिन की शुरुआत योग और ध्यान के साथ करने का संकल्प लें। सुबह-सुबह योग और ध्यान करने से शरीर में दिन भर ऊर्जा बनी रहने के साथ दिमागी सेहत भी अच्छी बनी रहती है। जिससे व्यक्ति किसी भी काम को करने में आलस महसूस नहीं करता है।

नए साल के जश्न में डूबी दुनिया

नया साल 2025 आ चुका है. आप सभी को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं! दिल्ली से लेकर मुंबई, रांची, कोलकाता समेत पूरे देश में नए साल का जश्न चल रहा है. बहुत से देश भारत से पहले नए साल में कदम रख चुके थे. न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड शहर में साल 2025 ने सबसे पहले दस्तक दी. लोगों ने देश के सबसे ऊंचे स्काई टॉवर से रंग-बिरंगी आतिशबाजी व अन्य स्थान पर आयोजित लाइट शो का लुत्फ उठाया. दक्षिण प्रशांत महासागर के देशों में नए साल का सबसे पहले आगाज होता है. दुनिया भर के अन्य शहर स्थानीय संस्कृतियों और परंपराओं के साथ नए साल का स्वागत करने को तैयार हैं. न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में आतिशबाजी के साथ नए साल 2025 का स्वागत किया गया.

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

संस्मरण

बालकवि बैरागी

बिजूका बाबू

❍ बीस बरसों की अपनी नौकरी में इतने विचलित कभी नहीं थे बिजूका बाबू जितने कि आज। पहले कभी कुछ कडवा-मीठा होता भी था तो वे संयम से काम लेते थे; लेकिन आज तो उनका सारा संयम शायद नंगा होकर नदी नहाने चला गया लग रहा था। नदी भी पानीवाली नहीं, आग की नदी। सुननेवाले चकित थे। आखिर बात क्या हो गई?बाबू बैजनाथ को सारा दफ्तर ' बिजूका बाबू ' ही कहकर संबोधित करता था और वे बोलते भी इसी नाम के संबोधन से। और तो और, कोई उनके घर जाकर मिलता तो वहाँ भी इसी नाम से बातचीत होती थी। उनकी पत्नी को जरूर आपत्ति होती थी; लेकिन धीरे-धीरे इस नाम से उनका भी समझौता हो गया। आए दिन स्कूल-मदरसे में उनका बेटा इस नाम पर जरूर अपने साथियों से हाथापाई कर लेता था, लेकिन बिजूका बाबू का नाम बिजूका बाबू ही रहा। सरकारी फाइलों में रहा होगा बैजनाथ नाम, जनता में तो वे बिजूका बाबू ही थे। यदा-कदा उनके वरिष्ठ अधिकारी भी उन्हें इसी नाम से पुकारते थे। तकलीफ यह हुई कि आज बिजूका बाबू अपनी जिंदगी की बाजी हार रहे थे। ताव-ताव में उन्होंने सौ-दो सौ गालियाँ साइंस को दे डालीं। फिर हजार-दो हजार गालियाँ दीं उन्होंने अपने बचपन बिताए गाँव को। गाँव के भी उन लोगों को जिन्होंने उन्हें बिजूका बनाना सिखाया। बिजूका बाबू का बचपन ठेठ देहात में बीता। वे किसान के बेटे नहीं थे, लेकिन किसानों के बीच ही जनमे-पले खेले-कूदे और बड़े हुए। प्राइमरी और मिडिल तक की उनकी शिक्षा देहात में ही हुई। स्कूल जाते-आते खेतों की मेंड़ों पर खेलते- कूदते वे प्राय: हर खेत में एक-दो बिजूके खड़े हुए देखते थे। हरी-भरी फसल को पक्षियों और छोटे-बड़े पशुओं से बचाने के लिए किसान लोग दो बाँसों को आड़ा-खड़ा बाँधकर फटा-पुराना कुरता पहना देते। आड़े बाँस पर आस्तीनें फैला देते। खड़े बाँस के ऊपरी सिरे पर एक पुरानी फूटी होड़ी टाँग देते। उस पर फटा साफा या पगड़ी बाँधकर खेत में गाड़ देते। रात-दिन रखवाली करने कौन रह सकता है! पशु-पक्षी बिजूके को रखवाला समझकर खेत में नुकसान नहीं कर पाते। आदमी का भ्रम पैदा करता बिजूका मजे से रखवाली करता रहता।ये वे दिन थे, जब कच्ची उम्र में ही बैजनाथ ने बिजूका बनाना सीख लिया। उसके बनाए बिजूके कई खेतों में खड़े दिखाई देते थे। खास बात यह थी कि बैजनाथ अपने बनाए बिजूकों का सिंगार बड़ी कारीगरी से करता था। फटपुराने चिथड़ों को भी वह अपनी कला से विचित्र परिधानों में बदल देता था।

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

किसानों की समृद्धि में ही देश की प्रगति: सुधीर मुनगंटीवार

> धनोजे कुनबी समाज ने किया कृषि महोत्सव एवं सरपंच मेले का आयोजन

चंद्रपुर, सुनील तायडे

धनोजे कुनबी समुदाय है जो मिट्टी की सेवा करता है। यह सोसायटी सदैव किसानों के लिए कार्य कर रही है। अब किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने की जरूरत है। जब मैं महाराष्ट्र की मेनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष बना तो उसमें 'मिशन जय किसान' भी शामिल था। जब तक किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन नहीं आएगा तब तक छत्रपति शिवाजी महाराज के सपनों का रैयत राज्य स्थापित नहीं हो सकता। क्योंकि किसानों की समृद्धि ही देश की प्रगति का मार्ग है, यह बात राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक कार्य एवं मत्स्य पालन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार कही.

धनोजे कुनबी समाज केंद्रीय समिति, प्रायोजित धनोजे कुनबी सातपुते, सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कराले, कृषि महोत्सव समिति के प्रमुख श्रीधर मालेकर, भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष राहुल पावड़े, मनोहर राव पौंकर, विनोद पिंपलशेंडे, संदीप वायल, नरेंद्र जीवतोड़े, देवानंद गधाई, प्रदीप महाकुलकर, नंदकिशोर गधाई, सुरेश ठीकरे , देवाभाऊ पचभाई, अनिल डहाके एवं समाज के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सुंदर ढंग से आयोजित करने के लिए श्री सातपुते और उनकी टीम को बधाई दी.

कृषि के औसत क्षेत्रफल में कमी चिंता का विषय है।

1970-71 में 49 लाख 51 हजार किसान थे. आज 1 करोड़ 52 लाख 85 हजार किसान हैं। कृषि क्षेत्र वही है, किसानों की संख्या बढ़ी है. कर्ज मुक्ति का मामला हो या उत्पादन लागत कम कर आय बढ़ाने की योजना हो, एक बात है जिसका हम हर हाल में पालन करेंगे।

सरकारी सहायता के अभाव में किसानों को नई प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी देने के लिए अपने समुदाय को संगठित करने और भव्य कृषि उत्सवों का आयोजन करने के लिए धानोज कुनबी समाज को बधाई देना मेरा कर्तव्य था। उन्होंने कहा कि मैं इस कर्तव्य को पूरा करने के लिए ही यहां आया हूं, अगर भविष्य में किसी भी मदद की जरूरत होगी तो मैं समाज के सहयोग के साथ हूं, ऐसा आश्वासन मुनगंटीवार द्वारा दिया गया.

सरपंच गाँव का मुख्यमंत्री होता है

सरपंच मेले जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से संवाद, चर्चा और समाधान तक पहुंचा जा सकता है। चौदह करोड़ की आबादी में करीब 27 हजार सरपंच हैं. इसलिए सरपंच गाँव का मुख्यमंत्री होता है। लेकिन हमें यह तय करना होगा कि पद का उपयोग कितना और कैसे करना है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सरपंच पद कितने समय का है. उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने काम को कितना न्याय देते हैं, यह महत्वपूर्ण है.

सौभाग्यशाली जिला.

हमारा जिला भी सौभाग्यशाली है। गांव में अब पीने के पानी के लिए पैसों की कमी नहीं है. प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक पुस्तकालय मिला है। जिला परिषद स्कूलों में ई-लर्निंग की सुविधा। उन्होंने यह भी बताया कि टाटा ट्रस्ट के माध्यम से गांवों में स्कूल भेजे गए। अधीक्षकों को अपनी राय दर्ज कराने की सुविधा दी जानी चाहिए। यदि किसी सरपंच ने अच्छा काम किया है तो उसे सम्मानित किया जाना चाहिए। इस संबंध में सुझाव दिया गया है कि सरपंच की बैठक में योजना बनायी जाये.

सरपंचों का वेतन बढ़ाने की पहल

मुनगंटीवार ने कहा कि, जब मैं वित्त मंत्री था तो सरपंचों का एक प्रतिनिधिमंडल मुझसे मिलने आया था। उन्होंने मांग की थी कि सरपंचों का वेतन बढ़ाया जाना चाहिए. मैंने इसका संज्ञान लेते हुए बजट में 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था. फिर बढ़ाने की दृष्टि से निर्णय लिया गया। हम यह भी मानें कि सरपंचों को उचित सम्मान मिलेगा और काम की गति बढ़ाने के लिए कानून पारित होंगे।

शहर में होर्डिंग्स लगानेवाले सावधान रहें

> हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना का मामला दर्ज होगा

> आयुक्त का अनधिकृ तहोर्डिंग पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

> राजनीतिक दलों और मुद्रकों को सूचित किया

चंद्रपुर.

चंद्रपुर नगर निगम क्षेत्र में बिना अनुमति के होर्डिंग्स, बैनर, विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों और अनाधिकृत होर्डिंग लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश आयुक्त विपीन पालीवाल ने दिये हैं. नगर निगम प्रशासन की ओर से सोमवार 31 दिसंबर को हुई बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बैनर मुद्रकों को हाईकोर्ट के आदेश की जानकारी दी गयी.

घाटकोपर में होर्डिंग की घटना के बाद सुस्वराज फाउंडेशन द्वारा दायर जनहित याचिका संख्या 155/2011 के अनुसार, माननीय उच्च न्यायालय ने शहर में अनधिकृत होर्डिंग, बैनर और नोटिस बोर्ड के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था. पुलिस विभाग और नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर निगम क्षेत्र में मुद्रकों और राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस पर आयुक्त ने संबंधित मा. उच्च न्यायालय के आदेश से अवगत कराते हुए बताया कि शहर में कोई भी अवैध बैनर, विज्ञापन बोर्ड, होर्डिंग नहीं लगाया जाये अन्यथा न्यायालय के आदेशानुसार कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

नगर निगम द्वारा अनाधिकृत होर्डिंग, बैनर, बोर्ड जब्त कर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। अनधिकृत होर्डिंग्स की जांच के लिए एक क्यूआर कोड प्रदान किया गया है। क्यूआर कोड नहीं होने पर होगी कार्रवाई इसी तरह नागरिकों की भागीदारी के लिए वार्डवार समिति भी गठित की जाएगी और शिकायत करने के लिए नगर निगम द्वारा एक वेबसाइट और संपर्क नंबर उपलब्ध कराया गया है. अदालत ने आदेश दिया कि स्थानीय पुलिस को अनधिकृत बैनर, पोस्टर और होर्डिंग के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई करने के लिए यदि आवश्यक हो तो पर्याप्त सुरक्षा और सशस्त्र पुलिस प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल, उपायुक्त मंगेश खवले, रामनगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक आसिफ राजा, शहर पुलिस स्टेशन की पुलिस निरीक्षक प्रभावती एकुरके, दुर्गापुर पुलिस स्टेशन की पुलिस निरीक्षक लता पशगावे, सहायक आयुक्त शुभांगी सूर्यवंशी, संतोष गार्गेलवार, अनिल कुमार घुले एवं राजनीतिक दलों के सदस्य एवं प्रिंटिंग प्रेस के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मेहनतकशों का योगदान देश और उद्योग की प्रगति की बुनियाद है: जोरग़ेवार

> एमईएल में श्रमिकों का सम्मान के साथ नए साल का स्वागत

चंद्रपुर. श्रमिक समाज की रीढ़ हैं। हमारी मेहनत, हमारे पसीने की बूंदें और हमारी निष्ठा के कारण ही हमारे उद्योग फल-फूल रहे हैं और समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। श्रमिकों के श्रम के बिना किसी भी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। विधायक किशोर जोरग़ेवार ने जोर देकर कहा कि देश के विकास और उद्योगों की प्रगति में मेहनती श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण है और यही प्रगति की नींव है।

हर साल की तरह विधायक किशोर जोरग़ेवार ने नए साल की शुरुआत मजदूर वर्ग के साथ की. इस साल उन्होंने मुल रोड पर एमईएल में कार्यकर्ताओं के साथ नया साल मनाया। इस अवसर पर एमईएल की महानिदेशक वंदना देशमुख , कार्यकारी निदेशक संजय कुमार गजभिये , मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक बी. विश्वनाथ , श्रम विभाग के महाप्रबंधक आर.डी. गायकवाड , तकनीकी सहायक विभाग के सहायक महानिदेशक अजय कुमार , भारतीय जनता पार्टी बंगाली कैंप मंडल अध्यक्ष दिनकर सोमलकर , दशरथ सिंह ठाकुर , आदिवासी विभाग के जिला अध्यक्ष धनराज कोवे , महासचिव प्रलय सरकार , पूर्व नगर सेवक चंद्रकला सोयम , वंदना जांभुलकर , रीव गुरनुले , मेडिकल घड़ी के अध्यक्ष डॉ. गिरिधर येडे , अनिल सुरपम , नरेंद्र बोपचे , नरेश बचले , सुरेश जांभुलकर , सलाहकार। सुरेश तालेवार , वंदना हटगांवकर , विमल काटकर , अस्मिता डोनारकर , आशा देशमुख , चन्द्रशेखर देशमुख, नीलिमा वनकर आदि उपस्थित थे।

इस समय बात करते हुए जोरग़ेवार ने कहा कि मजदूर वर्ग की हमेशा उपेक्षा की गयी है. हालाँकि, जनता के प्रतिनिधि के रूप में चुने जाने के बाद से हमने लगातार इस क्षेत्र के साथ न्याय करने का प्रयास किया है। हमने बार-बार सही रुख अपनाया है कि ड्यूटी के दौरान हमें सुरक्षा उपकरण, वेतन और सम्मान मिलना चाहिए । हर साल हम कड़ी मेहनत का सम्मान करने के लिए श्रमिक वर्ग के साथ नए साल की शुरुआत करते हैं। इस मौके पर विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि यहां आकर उन्हें साल भर लोगों के लिए काम करने की ऊर्जा मिलती है.

आज न केवल कैलेंडर पर तारीख बदलने का दिन है , बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों , नई दिशा और नई आशा के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लेने का दिन है । आप सभी इस उद्योग और अपने परिवार को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

हम श्रमिकों की स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार से पर्याप्त मदद पाने की कोशिश कर रहे हैं। आपके चेहरे पर खुशी , आंखों में चमक और कड़ी मेहनत के बल पर आगे बढ़ने का संकल्प देखकर देश के उज्ज्वल भविष्य की आशा जगती है। मेहनती व्यक्ति ही समाज का असली हीरा होता है। उनके पसीने से ही देश का विकास होता है। इस नये साल में हम सभी को एक साथ आकर नये संकल्पों पर काम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे का सहयोग करने की जरूरत है. इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने कार्यकर्ताओं के साथ जलपान किया और उन्हें उपहार स्वरूप अम्मा टिफिन दिया और नये साल की शुभकामनाएं दीं. इससे पहले विधायक किशोर जोरगेवार भूमिगत खदान गये और वहां मजदूरों के साथ नये साल का जश्न मनाया. विधायक किशोर जोरग़ेवार ने इससे पहले सफाईकर्मियों और निर्माण श्रमिकों के साथ नया साल मनाया है ।

गढ़चिरोली की जनजागरण सभा में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस का उनकी लाड़ली बहना ने पारंपरिक टोपा पहनाकर स्वागत किया।

मित्र परिवार की ओर से निःशुल्क चश्मा वितरण: विधायक जोरग़ेवार

> 300 नागरिकों को निःशुल्क मिले चश्मे

चंद्रपुर. विधायक किशोर जोरगेवार के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आंखों की जांच कराने वाले नागरिकों को विधायक किशोर जोरगेवार द्वारा मुफ्त चश्मे वितरित किये गये. इस बार लगभग 300 नागरिकों को लाभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विधायक किशोर जोरगेवार मित्र परिवार की ओर से किया गया था.

विधायक किशोर जोरग़ेवार के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगरसेवक सुभाष कासनगोट्टुवार , पूर्व नगरसेविका शीला चव्हाण , माया उइके , कल्पना शिंदे , राशिद हुसैन , सुमित बेले , पंकज बेले , नकुल वासमवार , विश्वजीत शाह आदि उपस्थित थे ।

भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरगेवार के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । तुकुम में एक स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 500 से अधिक नागरिकों की जांच की गई . साथ ही इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान किया.

विधायक किशोर जोरग़ेवार के कार्यालय में आज उक्त शिविर में आंखों की जांच कराने वाले पात्र नागरिकों को चश्मा वितरित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ चश्मा बांटने तक ही सीमित नहीं है , बल्कि हमारे समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। आंखें हमारे शरीर का बहुत महत्वपूर्ण अंग हैं। यदि दृष्टि अच्छी हो तो हमारा जीवन बेहतर तरीके से बन सकता है। इसलिए , इस कार्यक्रम के माध्यम से , उन्होंने कहा कि यह गतिविधि उन लोगों की मदद करने की भावना से आयोजित की गई थी जो वित्तीय परिस्थितियों के कारण चश्मा खरीदने में सक्षम नहीं थे। इस कार्यक्रम में लगभग 300 नागरिकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किये गये ।

फ़िल्मी सितारों ने जमकर मनाई नए साल की पार्टी

पूरी दुनिया साल 2025 का स्वागत बाहें फैलाकर कर रही है। ऐसे में लोगों की नजर अपने फेवरेट सितारों की न्यू ईयर पार्टीज और सेलिब्रेशन पर है। कई फिल्मी सितारे तो नए साल को खास मनाने अपने परिवार के साथ छुट्टियों पर निकल गए हैं। हमेशा की तरह इस बार भी कई सितारे देश से बाहर जाकर न्यू ईयर मना रहे हैं और फैंस के साथ अपने खास पलों को शेयर कर रहे हैं। बॉलावुड के सितारों ने कैसे मनाया अपना न्यू ईयर? इसी साल शादी के बंधन में बंधे सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अक्सर टॉक ऑफ द टाउन बने रहते हैं। नए साल के मौके पर ये रोमांटिक कपल ऑस्ट्रेलिया में छुट्टियां मना रहा है।

न्यूली वेड कपल ने नए साल का जश्न मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह और इकबाल ऑस्ट्रेलिया में शानदार आतिशबाजी और जश्न मनाती हुए देखे जा सकते हैं। 2025 की शुरुआत से पहले ही कपूर फैमिली पार्टी करती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें रणबीर कपूर न्यू ईयर का जश्न शुरू होते ही पत्नी आलिया भट्ट गले लगाते दिख रहे हैं। नीतू कपूर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आधी रात को ही पार्टी की फोटो और वीडियो शेयर कर दिया था। इस दौरान बेटी राहा भी अपने पिता को गले लगाते हुए नजर आती है। शिल्पा शेट्टी भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और फैंस के साथ अपनी पर्सनल लाइफ की झलक साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो परिवार के साथ खूब मस्ती करती दिख रही हैं।

बेटी की शादी के बाद मुझे मिली शांति : कश्यप

अनुराग कश्यप की बेटी ने इस साल शेन ग्रेगोइरे से शादी की है। अनुराग कश्यप ने बताया कि शादी का खर्च उनकी छोटी फिल्मों के बजट के बराबर था। हाल ही में आदित्य ने अपनी बेटी की शादी को लेकर बात की है।हाल ही में अनुराग कश्यप ने कहा, वे शादी का खर्च उठाने के लिए एक्टिंग का काम ढूंढ रहे थे। इस तरह के भव्य समारोह का खर्च उठाना आसान नहीं था। उन्होंने यह भी साझा किया कि अब जब शादी हो गई है तो वह शांत महसूस करते हैं।

हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया की रिपोर्ट की मानें तो अनुराग कश्यप ने साल 2025 के अपने प्लैन साझा किए हैं। फिल्म निर्माता ने खुलासा किया कि वह निर्देशन से ब्रेक लेने का इरादा रखते हैं, इसके बजाय आराम और फिल्मों के जरिए आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि अब उनकी बेटी की शादी हो चुकी है। वे अब शांत महसूस करते हैं।

बड़े पर्दे पर इन 5 स्टार किड्स का रहेगा जलवा

सुहाना खान, खुशी कपूर, अगस्त्य नंदा, अलीजेह अग्निहोत्री के बाद अब 5 और स्टार किड्स साल 2025 में अपना बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए तैयार हैं. जब कोई भी स्टार किड अपना बॉलीवुड डेब्यू करता है, तब उन्हें लाइमलाइट में लाने के लिए फिल्म रिलीज होने से 2 साल पहले ही उनका प्रमोशन शुरू हो जाता है. आइए जानते हैं कि वो 5 स्टार किड्स कौन हैं, जो इस साल अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं.

सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान करण जौहर की फिल्म 'सरजमीं' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगे. उनकी फिल्म साल 2025 में रिलीज होगी. पहले अपनी बहन सारा अली खान के सोशल मीडिया फोटो पर नजर आने वाले इब्राहिम अब लगभग हर दिन पैपराजी के कैमरों में कैद होते हैं. यानी उनके लॉन्च की तैयारियां अब शुरू हो गई हैं.बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस रवीना टंडन और मशहूर फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी की बेटी राशा थडानी फिल्म 'आजाद' से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं. ये फिल्म एक घोड़े की कहानी है. इस फिल्म में राशा पूरी तरह से ट्रेडिशनल लुक में नजर आएंगी.

राशा के साथ फिल्म 'आजाद' से अजय देवगन के भांजे अमन देवगन भी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं. अमन अजय की बहन के बेटे हैं. अपने भांजे की नैया पार करने के लिए खुद अजय देवगन भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं. अब अजय देवगन की मदद से क्या राशा और अमन की डेब्यू फिल्म हिट हो जाएगी? ये देखना

बॉलीवुड पर अब आया 'स्त्री 2' के प्रोड्यूसर का बयान

प्रोड्यूसर बोनी कपूर और नागा वामसी को बीते दिनों बॉलीवुड वर्सेज साउथ सिनेमा को लेकर बयान देते हुए देखा गया. नागा वामसी ने बॉलीवुड पर बात करते हुए कहा था कि आरआरआर, बाहुबली और बाकी साउथ इंडियन ब्लॉकबस्टर फिल्म्स ने बड़े पैमाने पर बॉलीवुड के वीजन को नया आकार दिया है. इस पर अब स्त्री 2 के प्रोड्यूसर दिनेश विजान का बयान सामने आया है. उनका कहना है कि साउथ ने बॉलीवुड को टेकओवर नहीं किया है. उनका साफ कहना है कि दोनों इंडस्ट्री सक्सेफुल पिक्चर्स बनाती हैं.

दिनेश विजान की माने तो असल में मायने ये रखता है कि वो ऑडियंस को देखने के लिए क्या नया और यूनिक दे रहे हैं .द इकोनॉमिक टाइम्स के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान दिनेश विजान ने बॉलीवुड वर्सेज साउथ सिनेमा की चल रही बहस पर अपना नजरिया पेश किया. उन्होंने कहा कि उन्हें इस पर यकीन नहीं है कि साउथ सिनेमा ने टेकओवर कर लिया है. प्रोड्यूसर की माने तो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री ने लॉकडाउन के बाद से शानदार सक्सेस को एक्सपीरियंस किया है. दिनेश विजान ने आगे कहा एनिमल, गदर 2, पठान, जवान और स्त्री 2 जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस भारत में 500-600 करोड़ तक का कलेक्शन किया है. प्रोड्यूसर ने इस बात पर जोर दिया की हिंदी सिनेमा की फिल्मों की कमाई ये दिखाती है कि वो किसी से कम नहीं है. दिनेश विजान ने अपनी बात को पूरा करते हुए आगे कहा कि असल में जो मायने रखता है वो दर्शकों के लिए कुछ नया और

खेसारी लाल ने किए साई बाबा के दर्शन

नए साल 2025 की शुरुआत हो चुकी है और सभी अपने-अपने तरीके से नए साल का स्वागत कर रहे हैं. वहीं भोजपुरी सिनेमा के ट्रेंडिंग स्टार कहे जाने वाले एक्टर और सिंगर खेसारी लाल यादव ने साल 2025 के पहले दिन शिरडी जाकर साईं बाबा के दर्शन किए हैं. एक्टर ने बताया कि वो आज जो कुछ भी हैं ऊपर वाले के आशीर्वाद से हैं और फैंस के प्यार की वजह से ही हैं. खेसारी लाल यादव के पास 2025 में कई प्रोजेक्ट्स हैं जिनपर एक्टर ने बात की. साई बाबा के दर्शन के बाद खेसारी लाल यादव ने बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि हमपर साईं बाबा की कृपा है, और आज हम जो

कुछ भी हैं वो उनके ही आशीर्वाद की वजह से हैं.'

वीडियो में खेसारी लाल कहते नजर आए, 'ये घटना नहीं एन्जॉय है....(हंसते हुए) ये मनोरंजन है, घटना नहीं.

बल्कि हम उसके लिए ही बने हैं. मुझे लगता है कि बाबा का बहुत बड़ा आशीर्वाद है हम सब पर, जिससे हम कुछ तो बने ताकि दुनिया हमें अपनी नजरों में रखती है, अपने दिल में रखती है, अपनी जुबान पर रखती है. हमारे चेहरे का कुछ तो है..विषय है, और ये हमने नहीं, बल्कि मुझे लगता है कि ये करम है...मैंने सिर्फ मेहनत की है, लेकिन मेरे बुजुर्गों का करम है जो मुझे मिला.'

इसी वीडियो में खेसारी लाल यादव ने 2025 में आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया. वीडियो में खेसारी लाल आगे कहते हैं, 'बहुत सारी फिल्में हैं, लगभग 8-9 फिल्में हैं, जिनका डबिंग हुआ है, कुछ का डीआई चल रहा है, कुछ का मिक्सिंग चल रहा है. 12-13 फिल्में साइन की हैं तो वो धीरे-धीरे शूट होंगी. और गाने तो हर दिन ट्रेंडिंग में ही रहते हैं. तीन-चार गाने मेरे पहले से ट्रेंडिंग में चल रहे हैं. ये लोगों का प्यार और आशीर्वाद है कि हम कोशिश करते हैं और लोगों का प्यार मिलता है तो चीजें बड़ी हो जाती हैं.

शराब को लेकर फिर विवादों में दिलजीत

गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ अपने लुधियाना कॉन्सर्ट कानूनी विवाद को लेकर चर्चा में आ गए है। नए साल से पहले लुधियाना कॉन्सर्ट में चंडीगढ़ के सहायक प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने गायक की शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद से दिलजीत दोसांझ को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। कॉन्सर्ट में दिलजीत ने ऐसे गाने गाए कि वे चर्चा में आ गए। दिलजीत दोसांझ के पास पंजाब सरकार के महिला एवं बाल विभाग के उपनिदेशक ने लुधियाना के जिला आयुक्त ओर से औपचारिक नोटिस आया है। इस नोटिस में गायक से 31 दिसंबर को लाइव शो में कुछ गाने न गाने का आग्रह किया गया। इस नोटिस में '5 तारा ठेके', 'केस', 'पटियाला पेग' जैसे गाने न गाने का आग्रह किया है। शिकायत में दिलजीत दोसांझ से ऐसे विवादित न गाने का आग्रह किया

गया। इन चेतावनियों के बावजूद गायक ने कथित तौर पर गीतों में थोड़े बदलाव के साथ उन्हें गाना जारी रखा है। शिकायत में सहायक प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले में साल 2019 में पुलिस को निर्देश दिए गए थे। इसमें सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब, ड्रग्स या हिंसा के बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाए जाएं।

विवियन डीसेना की आंखों से छलके आंसू

बिग बॉस 18 के फिनाले में अब महज कुछ ही दिन बाकी हैं. शो के आखिरी दो हफ्तों की शुरुआत हो चुकी हैं. सभी कंटेस्टेंट्स अब फिनाले के बेहद करीब आ गए हैं. हालांकि शो में अभी भी 10 कंटेस्टेंट्स बाकी हैं. लेकिन फिनाले करीब आ रहा है, ऐसे में अब शो के अंदर एक के बाद एक एविक्शन होने तय माने जा रहे हैं. बिग बॉस 18 में फैमली वीक शुरू होने वाला है. घर में मौजूद कंटेस्टेंट्स आखिरकार अपने परिवार से मिल पाएंगे और उन्हें गले भी लगा पाएंगे. अपनी पत्नी को देख विवियन डीसेना के आंसू छलक पड़ेंगे, तो वहीं अविनाश मिश्रा को एक बार फिर से चाहत पांडे की मम्मी से फटकार पड़ेगी.शो के मेकर्स ने नए प्रोमोज शेयर कर दिए हैं. पहले बिग बॉस के लाडले विवियन डीसेना की बात करते हैं. विवियन से फैमली वीक में मिलने उनकी वाइफ नौरान

अली आईं. अपनी पत्नी नौरान को देखकर विवियन रो पड़ते हैं. नौरान उन्हें हौसला देते हुए नजर आती हैं और आते ही गले लगाती हैं. विवियन बिग बॉस से कहते हैं कि आपकी बहू आई है. बिग बॉस विवियन को रिलीज कर देते हैं और वो तुरंत अपनी पत्नी को गले लगा लेते हैं. वहीं चाहत पांडे की मम्मी भी घर के अंदर पहुंचेंगी. चाहत की मम्मी की निशाने पर अविनाश मिश्रा पहले भी थी और अब भी वो उन्हें फटकार लगाती हुई नजर आएंगी.

प्रोमो में देखा जा सकता है कि चाहत की मां अविनाश से कहती हैं कि जो उन्होंने उनकी बेटी के साथ किया है और बोला है, उसके लिए उन्हें उनका परिवार कभी भी माफ नहीं करेगा.

दूसरी बार मां बनने वाली हैं इलियाना

बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने अपने नए साल के पोस्ट में पति माइकल डोलन के साथ अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को हैरान कर दिया। अभिनेत्री ने 2024 में हर महीने की खासियत दिखाते हुए एक

वीडियो साझा किया और वीडियो के बीच में उन्हें अपना प्रेग्नेंसी टेस्ट रिजल्ट दिखाते हुए देखा जा सकता है।हाल ही में, इलियाना ने अपने इंस्टाग्राम पर 2024 का एक वीडियो शेयर किया और रील में ज्यादातर तस्वीरें और क्लिप उनके पति माइकल और बेबी बॉय कोआ फीनिक्स डोलन से जुड़ी थीं।

हालांकि, लोगों ने यह नहीं देखा कि 'अक्तूबर' सेगमेंट में, अभिनेत्री ने एक क्लिप डाली, जिसमें उन्हें कैमरे पर अपने प्रेग्नेंसी टेस्ट के नतीजे दिखाते हुए देखा जा सकता है और 'प्रेग्नेंट' शब्द साफ दिखाई दे रहा है।

इलियाना ने माइकल डोलन से गुपचुप तरीके से शादी रचाई थी

और अगस्त 2023 में, उन्होंने अपने पहले बच्चे कोआ फीनिक्स डोलन का स्वागत किया।

अभिनेत्री अक्सर सोशल मीडिया पर अपने बच्चे की तस्वीरें साझा करती देखी जाती हैं। अभिनेत्री ने बार-बार कहा है कि वह नहीं चाहतीं कि उनका निजी जीवन सुर्खियों में आए। हालांकि, पहले एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि वह अपने पार्टनर को इस मामले में शामिल करने में सहज नहीं हैं, क्योंकि लोग बकवास करते हैं।

मौनी रॉय के साथ नजर आईं दिशा पाटनी

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। अन्य सेलेब्स की तरह बॉलीवुड ने भी साल 2025 का जोरदार अंदाज में स्वागत किया। कुछ लोगों ने परिवार के साथ तो कुछ ने दोस्तों के साथ मिलकर नए साल का जश्न मनाया। इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने पति सूरज नांबियार और अपनी दोस्त दिशा पाटनी के साथ नए साल की खुशियां मनाती नजर आईं।

दरअसल सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो जश्न मनाने के बाद दोस्तों के साथ बाहर निकलती नजर आईं। हालांकि इस दौरान मौनी की हालत बड़ी खराब नजर आई और एक समय पर तो वो अचानक से लड़खड़ाकर गिर गई। उन्हें देखकर अगल बगल खड़े सभी लोग हैरान रह गए। मौनी को कार तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। इस दौरान उनके पति और

बेस्ट फ्रेंड दिशा पाटनी उन्हें सहारा देते नजर आए और कार में बिठाया। इन लोगों की ड्रेसेज देखकर लग रहा है कि ये किसी पार्टी से बाहर निकल रहे हैं।वहीं फैंस कमेंट सेक्शन में उनके बारे में पूछते नजर आए। कुछ मौनी का हाल चाल लेते नजर आए कि वो ठीक हैं कि नहीं? वहीं कुछ ने कमेंट किया कि वो ठीक हैं कि नहीं? एक ने कमेंट किया- 'इतना पीते क्यों हो जब सह नहीं पाते।मौनी को आने वाले समय में सलाकार में देखा जाएगा। इस फिल्म को फारूक कबीर ने डायरेक्ट किया है। वहीं दिशा पाटनी आने वाले समय में 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। इस फिल्म को अहमद खान डायरेक्ट करेंगे। ये एक मल्टी स्टारर फिल्म है जिसमें अक्षय कुमार, संजय दत्त, रवीना टंडन, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर और अन्य सितारे नजर आएंगे। इसके अलावा उन्हें मोहित सूरी की 'मलंग 2' में भी देखा गया था।

टीम इंडिया की उम्मीदों पर फिरेगा पानी

सिडनी टेस्ट में बारिश बनेगी विलेन

नई दिल्ली. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का पांचवां टेस्ट मैच 3 जनवरी से खेला जाना है. यह टेस्ट मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत 1-2 से पीछे है. ऐसे में भारत हर हाल में सिडनी टेस्ट जीतना चाहेगा. ताकि यह टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर हो जाए. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए यह टेस्ट मैच भारत के लिए काफी अहम हो जाता है.

टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट जीता था. इसके बाद एडिलेड टेस्ट में भारत को हार का सामना करना पड़ा, गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा और फिर मेलबर्न टेस्ट में भी भारत को हार मिली. ऐसे में यहां से कोई भी ड्रॉ भारत के लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए फायदेमंद नहीं होगा, क्योंकि जीत ही उसका एकमात्र रास्ता है. ऐसे में सिडनी टेस्ट का मौसम भारतीय टीम की रणनीति पर भारी पड़ सकता है.

सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले 5वें टेस्ट मैच के मौसम की बात करें तो यह मिला-जुला रहेगा, जिसमें धूप और बादल दोनों ही रहेंगे. 3 जनवरी को पहले दिन तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा और बारिश की संभावना 30 फीसदी तक है. 4 जनवरी को धूप खिली रहेगी और बारिश की संभावना केवल 5 फीसदी है, इसलिए मैच के पहले दो दिन मौसम का ज्यादा असर नहीं होगा. 5 जनवरी को पूरे दिन धूप खिली रहेगी, लेकिन हल्की बारिश की संभावना रहेगी और तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है.

6 जनवरी को धूप खिलने के बावजूद बारिश की 30 फीसदी संभावना है, जो भारतीय टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है. हालांकि, 7 जनवरी को बारिश का खतरा बढ़ सकता है और तापमान 21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा. ऐसे में अगर टेस्ट मैच 5वें दिन तक जाता है तो भारतीय टीम को समय रहते अपनी जीत सुनिश्चित करनी होगी, क्योंकि मौसम की स्थिति टेस्ट के नतीजे को प्रभावित कर सकती है.

गुलाबी रंग में ग्लो करेगा सिडनी क्रिकेट ग्राउंड

सिडनी. कल से खेला जाएगा पिंक टेस्ट,जो ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों और उनके परिवारों की मदद करता है। पिंक टेस्ट का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता और फंड जुटाना है। पिंक टेस्ट के दौरान पूरा स्टेडियम गुलाबी रंग से सराबोर रहता है।

नाओमी ओसाका टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



नई दिल्ली. चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल विजेता नाओमी ओसाका ने बुधवार को जूलिया ग्रैबर को 7-5, 6-3 से हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर वर्ष 2025 की शानदार शुरुआत की। तेज हवाओं और बारिश के कारण मैच में काफी देरी होने के बावजूद ओसाका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। उन्होंने एक बार भी अपनी सर्विस नहीं गंवाई और प्रत्येक सेट में एक–एक बार ग्रैबर की सर्विस तोड़कर दूसरी बार ऑकलैंड क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ओसाका 2017 में भी यहां अंतिम आठ में पहुंची थी। ऑकलैंड टूर्नामेंट 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेला जाता है। अमेरिकी ओपन की पूर्व चैंपियन एम्मा राडुकानु और एलिस मर्टेंस के चोटिल होने के कारण हट जाने से इस टूर्नामेंट की चमक कुछ फीकी पड़ गई है।

कोंस्टास की साहसिक पारी से नहीं बनेगी पहचान

नई दिल्ली. ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने बुधवार को कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में जिस तरह से साहसिक अर्धशतक जड़ा उससे वह मंत्रमुग्ध थे, लेकिन उन्हें लगता है कि यह पारी भविष्य के मैचों के लिए उनकी पहचान नहीं बनेगी। कोंस्टास ने 26 दिसंबर को एमसीजी में लगभग खचाखच भरे स्टेडियम में अपनी टेस्ट करियर का आगाज करते हुए 65 गेंद पर 60 रन की आकर्षक पारी खेली और इस दौरान भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत गुमरा को निशाने पर रखा।

कैरी ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट से पहले संवाददाताओं से कहा, ''मैं उस पहले सत्र में एक दर्शक था। शायद मेरे मन में वहां मौजूद 90,000 (दर्शकों) की भावनाएं थीं। कई बार मैं इसे नहीं देख सका, कई बार मैंने तालियां बजाई। कोंस्टास को पहले तीन मैच में असफल रहने वाले नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में लिया गया और उन्होंने आते ही ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक दृष्टिकोण को अपनाया लेकिन कैरी ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यह 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज हर मैच में इतना आक्रामक प्रदर्शन करेगा।

उन्होंने कहा, ''वह जो ऊर्जा लेकर आए, वह कुछ अलग थी। शायद इतने अंतर की उम्मीद नहीं थी, लेकिन उन्होंने क्रिकेट की एक ऐसी शैली को अपनाया जो शायद भारत के लिए भी नई थी। '' कैरी ने कहा, ''हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि वह यहां (एससीजी) कैसे खेलते हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हर टेस्ट मैच के लिए उनकी पहचान बन जाएगी। लेकिन शुरू में कुछ आक्रामकता अपनाना अच्छा है जिसकी हमें कमी खल रही थी।

ग्लेन मैकग्रा ने दिखाया टीम इंडिया को आईना

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने टीम इंडिया को आईना दिखाया है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में 1-2 से पीछे चल रही रोहित की टीम को पूर्व क्रिकेटर ने आलोचना करते हुए बड़ी बात बोल दी है। ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि अगर इस शृंखला में जसप्रीत बुमराह नहीं होते तो ऑस्ट्रेलिया एकतरफा तरीके से शृंखला जीत जाती। दिग्गज क्रिकेटर ग्लेन मैकग्रा ने जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर भारतीय टीम में यह तेज गेंदबाज नहीं होता तो फिर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही श्रृंखला पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में एकतरफा हो जाती।

भारत अभी पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1-2 से पीछे चल रहा है। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच शुक्रवार से यहां खेला जाएगा। बुमराह ने अभी तक श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया है तथा 20 से भी कम औसत से 30 विकेट लिए हैं। भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसके कारण टीम पीछे चल रही है।

मैकग्रा ने अपने फाउंडेशन के कैंसर जागरूकता कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा,''वह (बुमराह) भारतीय टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा है

और अगर वह नहीं होता तो श्रृंखला पूरी तरह से एकतरफा होती। इससे पता चलता है कि वह कितना खास है।

अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज 54 वर्षीय मैकग्रा 2008 में अपनी पत्नी जेन की कैंसर से मौत के बाद इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। वो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही श्रृंखला पर करीबी नजर रखे हुए हैं और बुमराह के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं। मैकग्रा ने बुमराह के छोटे रनअप के संदर्भ में कहा, ' वह बेहतरीन गेंदबाज है जिसने परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का

एमएस धोनी में गोवा में मनाया न्यू ईयर का जश्न

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने गोवा में न्यू ईयर (2025) का जश्न मनाया. 2020 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके धोनी सिर्फ आईपीएल ही खेलते हैं. ऐसे में वह अपना ज्यादातर वक्त परिवार के साथ ही बिताते हैं. माही ने 2025 की शुरुआत करने के लिए गोवा को चुना और परिवार के साथ नए साल का जश्न मनाया.सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें माही अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं. एक वीडियो में धोनी वाइफ साक्षी के साथ डांस करते हुए दिख रहे हैं. वहीं एक दूसरी वीडियों में माही अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं. वाइफ साक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए.

नए साल पर पांड्या को याद आई नताशा

साल 2024 अब बस कुछ घंटों का मेहमान है। 2025 बाहें फैलाकर आपका स्वागत करने के लिए तैयार है। टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के लिए ये वर्ष काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। क्रिकेट के मैदान से लेकर जिंदगी के इम्तेहान तक, उन्होंने कई टेस्ट दिए। आईपीएल में जब उन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी की तो वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा के फैंस ने उन्हें गालियां सुनाई। इसके बाद निजी लाइफ में भी उथल-पुथल मची और पत्नी नताशा के साथ हार्दिक के तलाक की खबर ने क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया।

नए साल में नई चुनौतियों का सामना करने से पहले स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने 2024 में हुए कुछ यादगार और जरूरी पलों को याद किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए साल 2024 की यादों को शेयर किया है। हार्दिक ने जो भावुक वीडियो पोस्ट किया है उसमें उन्होंने अपनी एक्स वाइफ नताशा का नाम तो नहीं लिया, लेकिन वीडियो देखकर आप समझ जाएंगे कि वो उन्हें याद कर रहे हैं।

साल 2024 की खट्टी-मीठी यादों को शेयर करते हुए हार्दिक ने वीडियो में

कहा, ''देखते ही देखते फिर एक साल गुजर गया। कुछ नहीं बातें, नए सफर पर तजुर्बे दे गया। कुछ पुराने लोगों ने साथ छोड़ दिया, कुछ नए लोगों ने हाथ थाम लिया। कैसे कह दे कि ये साल गुजर गया... जाते-जाते बहुत कुछ सीखा गया।''

भावुक वीडियो को शेयर करते हुए हार्दिक पांड्या ने कैप्शन में लिखा कि मैं उस साल को याद करता हूं जो मेरे लिए काफी उतार-चढ़ाव लेकर आया और इसके साथ ही मैं कुछ सीख भी अपने साथ लेकर चलूंगा। जो कुछ भी मुझे मिला उसके लिए आभारी हूं और नए साल में इतनी आशावाद, दृढ़ संकल्प और प्यार के साथ प्रवेश कर रहा हूं। मेरी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद और मैं आपको नए साल में ग्राउंड पर दिखूंगा।

सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टेस्ट टीम का एलान

हेड और कमिंस को नहीं मिली जगह

नई दिल्ली. सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टेस्ट टीम का एलान हुआ है. इस टीम में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविस हेड को जगह नहीं मिली है. भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस टीम का कप्तान बनाया गया है. यह टीम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने चुनी है. हर साल के अंत में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल हर फॉर्मेट की बेस्ट टीम का चयन करती है. इसमें दुनियाभर के शानदार प्रदर्शन करने वाले 11 खिलाड़ियों को चुना जाता है.

अभी जो टीम अनाउंस हुई है, वो आईसीसी ने नहीं चुनी है, बल्कि यह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट इलेवन है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट इलेवन में भारत को दो, श्रीलंका का एक, इंग्लैंड के तीन, दक्षिण अफ्रीका का एक, न्यूजीलैंड के दो और ऑस्ट्रेलिया के दो खिलाड़ियों को चुना गया है. पाकिस्तान का कोई भी खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा नहीं है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की टीम में भारत के यशस्वी जायसवाल और इंग्लैंड के बेन डकेट को ओपनर के तौर पर चुना गया है. तीन नंबर पर इंग्लैंड के ही जो रूट हैं. इसके बाद चार नंबर पर रचिन रवींद्र और पांच नंबर पर इंग्लैंड के हैरी ब्रूक हैं. छह नंबर पर श्रीलंका के कमिंडु मेंडिस हैं. विकेटकीपर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी हैं. तेज गेंदबाजी में न्यूजीलैंड के मैच **हेनरी, भारत के जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड हैं. वहीं स्पिनर दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज हैं.**इन सभी ने पूरे साल यानी 2024 में टेस्ट क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन किया है. हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने भी 2024 में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें इस टीम में नहीं चुना गया है.

रोहित शर्मा के 'थैंक्यू' वाले पोस्ट ने बढ़ाई टेंशन

भारतीय टीम के कप्तान रोहित लशर्मा साल 2024 में अपनी खराब टेस्ट फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का शिकार होते रहे। साल 2025 शुरु भले हो गया पर अब देखना ये होगा कि क्या रोहित की फॉर्म में कोई बदलाव होता है या नहीं।

साल 2024 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान रोहित शर्मा का प्रदर्शन काफी शर्मनाक रहा। इस सीरीज में उनके बल्ले से सर्वाधिक 10 रन ही निकल पाए। इस दौरान सोशल मीडिया पर उनके संन्यास की खबरों का सिलसिला छाया हुआ है। हालांकि रोहित शर्मा ने अभी तक अपने टेस्ट करियर के संन्यास के बारे में कुछ कहा नहीं है पर उनके इंस्टाग्राम पोस्ट और मौजूदा फॉर्म को देखकर फैंस ऐसी अटकलें लगा रहे हैं कि वे संन्यास ले सकते हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि सभी उतार-चढ़ाव और बीच में सब कुछ के लिए, धन्यवाद 2024। इसके बाद उन्होंने दिल वाली इमोजी भी बनाई है। इस पोस्ट के सोशल मीडिया पर फैंस भावुक हो गए हैं। आपको बता दें कि 15 नवंबर 2024 को रोहित शर्मा दूसरी बार पिता बने थे। जिसके चलते वे पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया के साथ नहीं जुड़ पाए थे और टीम की कप्तानी भी नहीं कर पाए थे।

ऋषभ पंत के बचाव में उतरे संजय मांजरेकर

मेलबर्न टेस्ट के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने ऋषभ पंत की आलोचना की थी. दरअसल सुनील गावस्कर ने ऋषभ पंत के 'बेवकूफी भरे' शॉट के लिए जमकर लताड़ लगाई थी. बहरहाल अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने ऋषभ पंत पर प्रतिक्रिया दी है. संजय मांजरेकर ने ऋषभ पंत का समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि ध्यान उनकी असफलताओं पर होना चाहिए ना कि उनके शॉट चयन पर. टेस्ट मैचों में उनका औसत 42 है और किसी भारतीय द्वारा खेली गई कम से कम तीन बेहतरीन पारियां हैं.

संजय मांजरेकर ने अपने पोस्ट में आगे लिखा है- 42 टेस्ट मैच में उन्होंने छह शतक और सात बार 90 से अधिक रन बनाए. वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं जो पर्याप्त रन नहीं बना पा रहा और यही इसका सार है. दरअसल संजय मांजरेकर का पोस्ट सुनील गावस्कर को जवाब माना जा रहा है. जिन्होंने पिछले दिनों मेलबर्न टेस्ट में भारतीय टीम की हार के बाद ऋषभ पंत को आंड़े हाथों लिया था. बताते चलें कि ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में भयानक दुर्घटना का शिकार हो गए थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने दमदार वापसी की. इस दौरान उन्होंने कई बेहतरीन पारियां खेली हैं.

मेलबर्न टेस्ट के पांचवें दिन भारत की दूसरी पारी 155 रनों पर सिमट गई. इस तरह भारतीय टीम को 184 रनों के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा. वहीं, ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-1 से आगे हो गया है. अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवा टेस्ट सिडनी में खेला जाएगा. दोनों टीमें पांचवें टेस्ट के लिए 5 जनवरी से आमने-सामने होंगी. बहरहाल, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम सिडनी टेस्ट जीतकर सीरीज बराबरी पर खत्म करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी.

इंफाल में उग्रवादियों का हमला

इंफाल.

मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले से एक बार फिर एक बड़े हमले की खबर सामने आ रही है। जहां कदंगबंद इलाके में बुधवार को उग्रवादियों ने ताजा हमला किया। पुलिस ने बताया कि कंगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाकों से उग्रवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से कई राउंड गोलियां चलाईं और रात करीब 1 बजे बम फेंके। वहीं मामले में गांव के स्वयंसेवकों ने जवाबी फायरिंग की और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया।

हालांकि, इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। उग्रवादियों के इस हमले के कारण कच्चे घरों में रहने वाले कई ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भागना पड़ा। बता दें कि यह हमला मई 2023 में राज्य में हिंसा के बढ़ने के बाद से कदंगबंद इलाके में किए गए कई हमलों में से एक है। वहीं, मणिपुर के बिष्णुपुर और थौबल जिलों में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। बिष्णुपुर जिले के थोंगखोंगलोक गांव में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को एक एसएलआर, 303 राइफल, 12 बोर सिंगल बैरल बंदूक, दो 9 एमएम पिस्तौल, दंगा रोधी बंदूक, इंसास एलएमजी और राइफल मैगजीन, हथगोले, डेटोनेटर और अन्य सामान जब्त किए।

इसके साथ ही थौबल जिले के लीशांगथेम इकोप पाट इलाके से सुरक्षा बलों ने एक एंटी मैटेरियल राइफल, स्नाइपर साइट स्कोप, सिंगल बोल्ट एक्शन राइफल, देशी निर्मित पिस्तौल, हथगोला और गोला-बारूद जब्त किए। इसके साथ ही हिंसा प्रभावित मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के बंगाली क्रॉसिंग के पास जबरन वसूली के मामले में भी पुलिस ने एक्शन लिया। इस दौरान सुरक्षाबलों ने मंत्रिपुखरी बाजार से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया, जो जबरन वसूली में शामिल था। उसके पास से 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन और अन्य सामान जब्त किए गए।

नववर्ष में नवल रूप धारण किया रामलला ने

पहले दिन दर्शन के लिए पहुंचे लाखों श्रद्धालु

अयोध्या.

नए साल की शुरुआत के लिए और स्वागत के लिए धर्मस्थलों में जोरो-शोरो से तैयारी है। नव साल के पहले दिन रामलला में भी भक्तों के भारी संख्या में रामलाल के दरबार में अये. इस दौरान रामलला मंदिर में दो लाख से भी ज्यादा भक्तों के आने की संभावना है। इस दौरान बुधवार को रामलला भक्तों को रत्नजड़ित वस्त्र व सोने का मुकुट धारण किया। उन्हें विशेष भोग भी रामलला को अर्पित किए जाने की तैयारी है। पूरे मंदिर को फूलों से सुंदर सजाया जा रहा है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार मंदिर में भारी भीड़ आने की संभावना है

इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही कमर कस ली है। राम मंदिर ट्रस्ट ने बयान जारी कर बताया कि नव साल के पहले ही रामलला के दरबार में रोज ही एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। वहीं एक जनवरी 2025 को दो लाख से अधिक दर्शनार्थियों के पहुंचने की ज्यादा संभावना है। कोई भी भक्त प्रसाद पाने से वंचित न रह जाए, इसलिए तीन अलग-अलग स्थानों पर प्रसाद बांटने की व्यवस्था की जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामलला के दर्शनमार्ग व निकासी मार्ग पर प्रसाद वितरण का इंतजाम किया जा रहा है। साथ ही इस दिन रामलला के दर्शन अवधि में एक घंटे की समय की बढ़ोतरी भी की गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर सकें। एक जनवरी को शयन आरती के सभी पास अभी से निरस्त कर दिए गए हैं। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में तैयारी पूरीनए साल की शुभारंभ में एक जनवरी को सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी, कनक भवन में भी भीड़ उमड़ने की बड़ी संभावना है। हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास ने बताया कि दो से तीन लाख भक्त हनुमंतलला के चरणों में श्रद्धा अर्पित करने पहुंचेंगे। प्रवेश व निकास मार्गों को अलग-अलग किया जा रहा है, ताकि भीड़ को काबू किया जा सके।

महाकाल में भी उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

❑ नए साल 2025 की शुरुआत हो चुकी है। दुनियाभर में नए साल का जश्न मनाया गया। आतशिबाजी से आसमान रंग-बिरंगा हो गया है, दिल्ली- एनसीआर से लेकर मुंबई, रांची,जम्मू कश्मीर समेत पूरे देश में नए साल का जश्न दिखा। ऐसे में हम आपको देश के तमाम हिस्सों से नए साल के पहले दिन की तस्वीरें और वीडियो दिखाते हैं। वहीं 2025 के पहले दिन नई दिल्ली के बिरला मंदिर में भी लोगों की भीड़ दिखाई दी, भक्तों नें मंदिर में पूजा की और आरती में शामिल हुए। झंडेवालान मंदिर में भक्त पूरे उत्साह के साथ दर्शन करने पहुंचे।

आरएसपुरा में बीएसएफ ने की फायरिंग

श्रीनगर.

जहां पूरा देश नए साल का जश्न मना रहा था, वहीं देश के जवान सरहद पर तैनात हर दुश्मन से लोहा ले रहे थे. इंटरनेशनल बॉर्डर के पास जम्मू-कश्मीर के आरएसपुरा सेक्टर के करीब बीएसएफ ने संदिग्ध हलचल देखी. इसी के बाद बीएसएफ ने एक्शन लेते हुए गोलीबारी की. आरएसपुरा सेक्टर में बीएसएफ के सतर्क जवानों ने पाकिस्तान की ओर से संदिग्ध गतिविधियां देखी और किसी भी तरह के अटैक को रोकने के लिए ने फौरन संदिग्ध गतिविधियों पर एक्शन लिया और गोलीबारी की. साथ ही संदिग्ध हलचल के चलते सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है. आस-पास के सभी इलाकों में बीएसएफ

तैनात है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

इससे पहले भी 22 सितंबर 2024 में आरएस पुरा सेक्टर के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश की गई थी, जिसको बीएसएफ ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया. बीएसएफ ने इस दौरान हथियारों का जखीरा भी बरामद किया था. बीएसएफ ने कहा कि बरामद किए गए हथियारों में एक एके 47 राइफल, दो पिस्तौल और 4 और 9 मिमी की मैगजीन शामिल थे.बीएसएफ ने कहा, "21 सितंबर/22 सितंबर 2024 की बीएसएफ जवानों ने एक संदिग्ध गतिविधि देखी. साथ ही इस दौरान एक संदिग्ध को आरएस पुरा फेंसिंग के पास आता देखा गया, लेकिन सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था. इससे पहले 16 सितंबर को बीएसएफ ने पंजाब के अमृतसर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक और कोशिश को नाकाम कर दिया था, जिसमें एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा भी गया था.बीएसएफ ने 16 सितंबर को हुई घुसपैठ की कोशिश को लेकर जानकारी देते हुए बताया था कि संदिग्ध घुसपैठिए ने इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर लिया था और वो रतनखुर्द गांव के पास सीमा की तरफ जा रहा था. सेना ने कहा कि घुसपैठिए ने अंधेरा का फाएदा उठाया और लगातार रोकने के बावजूद वो नहीं रुका और सीमा की तरफ बढ़ता चला गया. इसी के बाद सेना ने उसको रोकने के लिए गोलीबारी की और सेना की गोलीबारी में उसकी मौत हो गई.

20 भारतीय मछुआरे लौटे स्वदेश

कोलंबो. भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका ने अपनी कैद से 20 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। ये मछुआरे विमान से चेन्नई भी पहुंच गए हैं। इन मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंका की नौसेना ने गिरफ्तार किया था। छुड़ाए गए मछुआरे तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई, रामनाथपुरम और तूतीकोरिन जिलों के रहने वाले हैं। इन्हें छुड़ाने के लिए भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच बातचीत हुई थी। जिसके बाद उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया।इन मछुआरों को अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र दिए गए फिर इसके बाद मछुआरों को कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे पर ले जाया गया। यहां पर नागरिकता सत्यापन, सीमा शुल्क जांच और दूसरी औपचारिकताएं पूरी की गईं। इसके बाद मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उन्हें उनके घर तक छोड़ने के लिए अलग-अलग गाड़ियों का इंतजाम किया और घर पहुंचाया। गौर करने वाली बात ये है कि भारत के तमिलनाडु का मछुआरा संघ लगातार मछुआरों की होती गिरफ्तारी को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। मछुआरा संघ ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखकर भेजा था और बीच समुद्र में मछुआरों की नावों की जब्ती और गिरफ्तारी को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की थी क्योंकि ये मछुआरों के जीवन-यापन की आधार है।

आज से नए टाइम टेबल से चलेंगी ट्रेनें

नई दिल्ली.

ट्रेनों की नई समय सारिणी बुधवार यानी आज से प्रभावी हो जाएगी। रेलवे ने इसे जारी कर दिया है। नई व्यवस्था में दो हजार 875 यात्री ट्रेनों के नंबर बदल दिए गए हैं। इनमें एक्सप्रेस एवं पैसेंजर दोनों तरह की ट्रेनें हैं। इसी तरह कई ट्रेनों के स्टेशन से चलने और गंतव्य तक पहुंचने के समय में भी परिवर्तन किया गया है।

भारतीय रेलवे का यह ट्रेन्स एट ए ग्लांस का 44वां संस्करण है। पहले यह परिवर्तन प्रत्येक वर्ष 30 जून को होता था, जिसे एक जुलाई से लागू कर दिया जाता था। किंतु पिछले वर्ष नया टाइम टेबल एक अक्टूबर को लागू किया गया था, जो 31 दिसंबर तक लागू रहा। रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में पांच मिनट से लेकर एक घंटा और पैसेंजर ट्रेनों के समय में पांच मिनट से 20 मिनट तक का फेरबदल किया गया है। अधिकतर ट्रेनों के शुरू होने के समय में कमी कर दी गई है। उदाहरण के लिए डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस पाटलिपुत्र से 4:15 बजे के बदले 4:05 बजे रवाना होगी। इसी तरह आनंद विहार जनशताब्दी एक्सप्रेस दानापुर स्टेशन से चार बजे की जगह 3:50 बजे ही खुलेगी। उन ट्रेनों के नंबर भी बदल जाएंगे, कोविड के समय जिनके नंबर के पहले (जीरो) लगा दिया गया था। इस परिवर्तन के बाद टिकट बुक कराने से पहले विशेष सावधानी बरतनी होगी। इसे देखते हुए यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि ट्रेन का नंबर कन्फर्म करने के बाद ही टिकट बुक कराएं। साथ ही सफर पर निकलने से पहले नई समय सारणी और नंबर जरूर देख लें। नई समय सारणी में वंदे भारत ट्रेनों को भी शामिल किया गया है। साथ ही 62 (31 जोड़ी) ऐसी विशेष ट्रेनों को भी शामिल किया गया है, जिनका संचालन पिछले वर्ष शुरू किया गया है। साथ ही 90 ऐसी ट्रेनें भी हैं, जिन्हें कोहरे के कारण आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है या उनकी आवृत्ति घटा दी गई है।

मुफ्त पानी देने पर सरकार को करनी होगी भरपाई

जल प्रबंधन को लेकर केंद्र सरकार चिंतित

नई दिल्ली. पानी के प्रबंधन को लेकर अपनाई जा रही नई प्रणाली में केंद्र सरकार ने इसकी चिंता की है कि यह सबसे अधिक आवश्यक संसाधन कु-प्रबंधन की भेंट चढ़ने न पाए-खासकर राजनीतिक स्वार्थ को पूरा करने के लिए मुफ्त या घटे दर पर पानी की आपूर्ति की कोशिशों पर विराम लगे। अगर कोई सरकार घटे शुल्क अथवा मुफ्त पानी देने का निर्णय करती है तो उसे इसकी भरपाई जलापूर्ति से संबंधित विभागों को करनी ही होगी ताकि लागत और रखरखाव का खर्च निकाला जा सके। दिल्ली सरीखे राज्यों में सरकार की ओर से दिए जा रहे मुफ्त पानी ने जल बोर्ड को इस हद तक दिवालिया बना दिया है कि उसके लिए रखरखाव का खर्च तक निकालना मुश्किल हो गया है। बोर्ड को हर साल 1200 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। यही स्थिति कर्नाटक में भी है, जहां उपमुख्यमंत्री और जल संसाधन मंत्री डीके शिवकुमार ने स्वीकार किया कि बेंगुलुरु में स्थिति इतनी खराब है कि पानी का शुल्क 20 से 30 प्रतिशत बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं, क्योंकि जल बोर्ड के स्टाफ का वेतन भी नहीं निकल पा रहा है।

नए साल पर एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता

नई दिल्ली. नए साल पर एलपीजी ग्राहकों के लिए सुबह-सुबह अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल साल के पहले दिन एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में दिल्ली से मुंबई तक और कोलकाता से चेन्नई तक कटौती की गई है। सिलेंडर आज 14 रुपए 50 पैसे सस्ता हो गया। ये राहत 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में मिली है। वहीं खाना पकाने के लिए 14 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में अभी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

दिल्ली में 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर अब 1804 रुपए का मिलेगा। बीते 1 दिसंबर को इसकी कीमत 1818.50 रुपए थी। यानी इसमें 14 रुपए 50 पैसे की कटौती की गई है। मुंबई में एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 15 रुपये की कटौती हुई है। 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1771 रुपये की जगह 1756 रुपये हो गया है। कोलकाता में 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1980.50 रुपये की जगह 1966 रुपये हो गई है। कोलकाता में एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 16 रुपये की कटौती हुई है। कमर्शियल सिलेंडर 1927 रुपये की जगह 1911 रुपये हो गया है। वहीं पटना में अब यही सिलेंडर 2072.5 की जगह 2057 रुपए में मिलेगा. वहीं चेन्नई की अगर बात करें तो चेन्नई में आज से 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 1966 रुपए का मिलेगा। बीते महीने दिसंबर में इसके दाम 1980.50 रुपए थे।

कई शहरों में शीतलहर

नई दिल्ली. भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि आने वाले सप्ताह में हिमालयी क्षेत्र में और 4 जनवरी से 5 जनवरी, 2025 तक उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटों तक उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा और शीत लहर की स्थिति बनी रहने की उम्मीद है, उसके बाद धीरे-धीरे सुधार होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि 5 जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आ सकता है। इसके प्रभाव में, 1 जनवरी से 3 जनवरी तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से लेकर छिटपुट बारिश होने की संभावना है.

एमडब्ल्यूएम का विरोध प्रदर्शन हुआ हिंसक

इस्लामाबाद.

पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां कराची में मजलिस वहदत-ए-मुसलमीन (एमडब्ल्यूएम) पार्टी का विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस ने नुमाइश चौरांगी पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। इस हिंसा में पुलिस के कई अधिकारी घायल हो गए, जिनमें एसएसपी केमरी फैजान अली और एसएसयू के कमांडो शामिल थे। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी को भी सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने दिया जाएगा। अली ने कहा कि हर किसी को विरोध करने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि विरोध प्रदर्शन के लिए उचित स्थान दिए गए हैं और उम्मीद है कि उनका सही तरीके से उपयोग किया जाएगा। एमडब्ल्यूएम ने पाराचिनार के लोगों के समर्थन में देशभर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, जहां हिंसा और हत्याओं के खिलाफ लोग न्याय और शांति की मांग कर रहे हैं। एमडब्ल्यूएम नेता अल्लामा हसन जफर नकवी ने कहा कि यह विरोध शांतिपूर्ण है और इसमें कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। उन्होंने सिंध सरकार से इस विरोध को राजनीतिक फायदा उठाने से बचने की अपील की।

नई उम्मीदों का नया सवेरा लेकर आया 2025

मुर्मू और पीएम मोदी ने देशवासियों को दी बधाई

नई दिल्ली.

नया साल 2025 नई उम्मीदों और उमंग का नया सवेरा लेकर आया है। देशभर में नए साल का स्वागत सुंदर सूर्योदय के साथ हुआ। नए साल की पहली सुबह सूर्य की किरणों ने सबको खुशहाल किया। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक अलग-अलग इलाकों से आईं नए साल के पहले सूर्योदय की तस्वीरों ने सबके मन को खुशी से सराबोर कर दिया। तस्वीरों में देखिए नए साल की खिलती सुबह की झलकियां। पहली तस्वीर महाराष्ट्र में मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से ली गई।

लोगों ने मुंबई के राजभवन के पास भी नए साल के पहले सूर्योदय का दृश्य भी कैमरे में कैद किया। केरल के कोच्चि में पेड़ों के पीछे से झांकती सूर्य की पहली किरणों ने लोगों को लुभाया। जबकि हिमाचल के शिमला में सुबह आसमान सूर्य की सुनहरी किरणों से चमकता नजर आया।

ओडिशा के मयूरभंज से आई तस्वीर भी शानदार सूर्योदय का स्वागत करती नजर आई। यहां कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच सूर्यदेव ने नए साल के पहले दिन अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुदरै में भी घने बादलों के बीच उगते सूरज ने लोगों को नई उम्मीदों से सराबोर किया। चेन्नई के मरीना बीच पर भी लोगों ने 2025 के पहले सूर्योदय का आनंद लिया।

सभी को स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले: पीएम मोदी

❍ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनसे भारत और विश्व के लिए एक उज्जवल, अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने को कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, '2025 की शुभकामनाएं! यह वर्ष सभी के लिए नए अवसर, सफलता और अनंत खुशियां लेकर आए। सभी को अद्भुत स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले।